हिन्दी साप्ताहिक
# भारत निविदा लाईन समाचार पत्र
क्राइम की हर खबर....

■ वर्ष : 18 ■ अंक:09 ■ नई दिल्ली 06 से 12 दिसंबर 2024 ■ पृष्ठ : 08 ■ मूल्य : 02 रुपए



विक्रांत सिंह से प्रेम विवाह रचाकर पछताई मोनालिसा

# किसान आंदोलन का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ल।** शंभू बॉर्डर रविवार का दिन पुलिस और किसानों के बीच जमकर झड़प हुई. दिल्ली जाने पर अड़े किसानों पर पंजाब से लगती हरियाणा की सीमा पर हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों द्वारा आंसू गैस के गोले दागे गए. इसमें कुछ किसानों के घायल होने के बाद प्रदर्शनकारी किसानों ने रविवार को दिल्ली की ओर अपना पैदल मार्च स्थगित कर दिया. पंजाब के किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि कम से कम आठ किसान घायल हो गए और उनमें से एक को चंडीगढ़ के स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान में ले जाया गया है. साथ ही शंभू बॉर्डर पर किसान आंदोलन का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है.

सुप्रीम कोर्ट में शंभू बॉर्डर समेत हाईवे को खोलने के निर्देश देने की मांग पर याचिका दाखिल की गई है. याचिका में केंद्र, पंजाब और हरियाणा सरकार को निर्देश देने की मांग की है. याचिका में कहा गया है कि इस तरह हाईवे को अवरुद्ध करना लोगों के मौलिक अधिकारों के खिलाफ है. साथ ही यह नेशनल हाइवे एक्ट और इठर के तहत भी अपराध है. ऐसे में हाईवे को रोकने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो.

वकील अमित कुमार चावला के माध्यम से गौरव लूथरा ने यह याचिका दाखिल की है. याचिका पर सोमवार को जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच सुनवाई करेगी. उधर, किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि सोमवार को किसानों के मार्च को लेकर अगली रणनीति तय की जाएगी. किसान अपने मंचों - संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा की कल होने वाली बैठक के बाद अपनी अगली कार्रवाई का फैसला करेंगे. साथ ही कहा, हमने जत्थे (101 किसानों का समूह) को वापस बुला लिया है.

**अनुमति पत्र दिखाने की मांग**

अंबाला पुलिस ने कहा था कि किसान संगठनों को दिल्ली प्रशासन से अनुमति लेने के बाद ही दिल्ली कूच करना चाहिए.

मरजीवड़ा' (किसी उद्देश्य के लिए मरने को तैयार व्यक्ति) नामक यह समूह फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों के लिए मार्च कर रहा था लेकिन उन्हें कुछ मीटर दूर ही रोक दिया गया. हरियाणा के एक सुरक्षाकर्मी को किसानों से दिल्ली तक मार्च करने का अनुमति पत्र दिखाने की मांग करते सुना गया.

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, पहले हम उनकी पहचान करेंगे और देखेंगे कि उनके पास कोई अनुमति है या नहीं. हमें सूची (101 किसानों की) मिल गई है, लेकिन इनमें वे नहीं हैं जिनके नाम सूची में हैं. वे अपनी पहचान नहीं बता रहे हैं जिसका मतलब है कि वे भीड़ के रूप में आ रहे हैं." एक किसान ने कहा, वे कह रहे हैं कि हमारे नाम सूची में नहीं हैं. हमें नहीं पता कि उनके पास कौन सी सूची है. जब हमने उनसे पूछा कि क्या वे हमारी पहचान सत्यापित करने के बाद हमें आगे बढ़ने देंगे तो उन्होंने कहा कि हमें अनुमति दिखानी होगी."

**किसानों के विरोध-प्रदर्शन का 300 वां दिन : पंढेर**

टकराव बढ़ने पर सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले दागे. आंसू गैस के गोले दागे जाने के कारण किसानों को कुछ मीटर पीछे हटना पड़ा, इनमें से कई ने अपने चेहरे ढके हुए थे और सुरक्षात्मक चश्मे पहने हुए थे. कुछ ने जूट के गीले बैग से गैस के असर से बचने का प्रयास किया.

पंढेर ने कहा कि रविवार को उनके विरोध प्रदर्शन का 300 वां दिन है. संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं. तब सुरक्षा बलों ने उनके दिल्ली कूच करने से रोक दिया था.

किसान 2021 की लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय", भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को बहाल करने और 2020-21 में पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा दिए जाने की भी मांग कर रहे हैं.

## सरकारों-किसानों को निर्देश की मांग

साथ ही याचिका में कहा कि सुप्रीम कोर्ट केंद्र, पंजाब और हरियाणा सरकारों को प्रदर्शनकारी किसानों को हाइवे से हटाने के निर्देश दे. साथ ही प्रदर्शनकारी किसानों को भी निर्देश दिया जाए कि वो कानून- व्यवस्था बनाए रखें.

## आंसू गैस के गोले, पानी की बौछार

इससे पहले, पंजाब-हरियाणा सीमा पर 101 किसानों के एक जत्थे ने रविवार को शंभू विरोध स्थल से दिल्ली के लिए अपना पैदल मार्च फिर से शुरू किया लेकिन हरियाणा के सुरक्षा कर्मियों की ओर से लगाए गए अवरोधकों के कारण वे आगे नहीं बढ़ सके. प्रदर्शनकारी किसानों के अवरोधकों के पास पहुंचने पर उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े गए और पानी की बौछारें की गईं.

## किसानों को क्यों रोका गया? : तेजवीर सिंह

किसान नेता तेजवीर सिंह ने सवाल किया कि जब किसान शांतिपूर्वक पैदल जा रहे थे तो उन्हें आगे बढ़ने से क्यों रोका गया. उन्होंने कहा, हरियाणा को इसमें क्या आपत्ति है?" उन्होंने कहा, पहले केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा नेताओं ने किसानों के ट्रैक्टरों और ट्रॉलियों के साथ दिल्ली जाने पर आपत्ति जताई थी, लेकिन अब जब वे पैदल मार्च कर रहे हैं तब क्या मसला है." इससे पहले हरियाणा पुलिस ने पंजाब पुलिस को पत्र लिखकर यह सुनिश्चित करने को कहा था कि मीडियाकर्मियों की सुरक्षा के लिए उन्हें प्रदर्शन स्थल से कुछ दूरी पर रोका जाए जिससे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में भी आसानी होगी.

## किसानों को केंद्र से कोई जवाब नहीं मिला : पंढेर

शुक्रवार को भी किसानों को अपना मार्च स्थगित करना पड़ा था, क्योंकि उनमें से कुछ आंसू गैस के गोले लगने से घायल हो गए थे. पंढेर ने शनिवार को कहा था कि किसानों को इस मामले में केंद्र से कोई जवाब नहीं मिला है.
किसान एमएसपी के अलावा कर्ज माफी, किसानों एवं खेत मजदूरों के लिए पेंशन और बिजली दरों में बढ़ोतरी न करने की मांग कर रहे हैं.

## राज्यसभा में सत्ता पक्ष एवं विपक्ष का हंगामा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा में सोमवार को सत्ता पक्ष एवं विपक्ष ने अलग-अलग मुद्दों पर भारी हंगामा किया जिसके कारण उच्च सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद अपराह्न करीब तीन बजकर दस मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गयी।

सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सदस्यों ने कांग्रेस तथा उसके नेताओं पर विदेशी संगठनों और लोगों के माध्यम से देश की सरकार तथा अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने की कोशिश का आरोप लगाया और इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की। वहीं कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने अदाणी समूह से जुड़ा मुद्दा उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

तीन बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर भी सदन में हंगामा जारी रहा और विपक्षी सदस्यों ने अदाणी समूह से जुड़े मुद्दा उठाते हुए प्रधानमंत्री और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विपक्ष के कुछ सदस्य सीट से आगे आकर नारेबाजी कर रहे थे।

सदन में हंगामा जारी रहने के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उनके कक्ष में सदन के नता जेपी नड्डा और नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ उनकी बैठक हुई। इस दौरान कई अन्य वरिष्ठ सदस्य भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि कल मंगलवार को सुबह उनके कक्ष में इन नेताओं की एक और बैठक होगी।

## एक नजर

### आयुष्मान वय वंदना कार्ड का पंजीकरण 25 लाख तक पहुंचा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजना में 25 लाख लोगों ने पंजीकरण कराया है और 22,000 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को 40 करोड़ रुपये से अधिक का उपचार लाभ प्रदान किया गया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजना शुरू करने के दो महीने से भी कम समय में योजना के लिए 25 लाख पात्र व्यक्तियों ने पंजीकरण कराया है जो अपने आप में एक विशिष्ट उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना की शुरूआत 29 अक्टूबर को की थी।

मंत्रालय के अनुसार आयुष्मान वय वंदना कार्ड से पात्र व्यक्तियों ने 40 करोड़ रुपये से अधिक के उपचार का लाभ उठाया है। इससे 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 22000 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिला है। वरिष्ठ नागरिकों ने कोरोनरी एंजियोप्लास्टी, हिप फ्रैक्चर एवं रिप्लेसमेंट, पित्ताशय निकालना, मोतियाबिंद सर्जरी, प्रोस्टेट रिसेक्शन, स्ट्रोक, हेमोडायलिसिस, एंटरिक फीवर और अन्य ज्वर संबंधी बीमारियों के लिए उपचार कराया है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के विस्तार में 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदना कार्डह्न मिल रहा है। यह योजना केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना, पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना और आयुष्मान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के लिए भी उपलब्ध है। वे आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विकल्प चुन सकते हैं।

### किसान समझ गए हैं कि प्रधानमंत्री उनके विरोधी हैं: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को आरोप लगाया कि किसान न्याय की गुहार लगा रहे हैं क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने उन्हें बार-बार धोखा दिया है। उन्होंने यह दावा भी किया कि अन्नदाता समझ गए हैं कि प्रधानमंत्री मोदी उनके विरोधी हैं। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, अन्नदाता किसान को बार-बार क्यों न्याय के लिए दिल्ली की दहलीज पर आना पड़ रहा है, नरेन्द्र मोदी जी आज जब आप हरियाणा व राजस्थान के दौरे पर होंगे, तो उम्मीद है कि अन्नदाता किसान की जद्दोजहद समझने की कोशिश जरूर करेंगे। उन्होंने दावा किया कि किसान न्याय की गुहार इसलिए लगा रहे हैं, क्योंकि बार-बार आपकी सरकार ने उन्हें धोखा दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी होने का धोखा, स्वामीनाथन रिपोर्ट के मुताबिक लागत + 50 प्रतिशत एमएसपी लागू करने का धोखा, एमएसपी को कानूनी दर्जा देने के लिए कमेटी बनाने का धोखा, न पर्याप्त खरीदी, न उचित दाम, न कानूनी गारंटी का इंतजाम, ऊपर से खाद-डीएपी व उर्वरकों की भारी कि ल्लत से किसान परेशान। उन्होंने कहा, आपने (प्रधानमंत्री) किसानों की राह पर कंटीले तारों का जाल बिछाया, फिर से दिल्ली बॉर्डर को छावनी बनाया, आंसू गैस से उनके शांतिपूर्ण कूच को रोकने का प्रयास किया।

## देश गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है: धनखड़



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि जब देश गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा हो तो सदन को लोगों को प्रेरित करने के लिए एकजुट आवाज उठानी चाहिए ताकि इन ताकतों को पराजित किया जा सके। श्री धनखड़ ने सदन में अमेरिकी निवेशक जार्ज सोरोस पर जारी हंगामा के बीच कहा कि देश में नकारात्मक एजेंडा बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस तरह की साजिशों को बर्दाश्त या अनदेखा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, डीप स्टेट की कार्यप्रणाली पर ध्यान दिया जाना चाहिए। यह हमें कोविड बीमारी से भी अधिक नुकसान पहुंचाती है। इस पर पूरे देश को एक स्वर में बोलने की जरूरत है। देश को बड़े पैमाने पर लोगों को एक दिशा देनी चाहिए ताकि भारत के सभी दुश्मनों को एक सबक मिले कि वे कभी भी हमारी अखंडता, हमारी संप्रभुता को चुनौती देने और हमारी प्रगति में बाधा डालने का दुस्साहस न करें। उन्होंने सदस्यों से कहा, हमारा आचरण ऐसा होना चाहिए कि लोगों की संसद में अधिक रुचि हो क्योंकि अगर संसद में संवाद आम लोगों की भावनाओं को साझा नहीं करेगा तो संसद अप्रासंगिक हो जाएगी। संसद के लिए ऐसी गंभीर चुनौतियों पर चर्चा करना मौलिक है, जिनका सामना देश कर रहा है।

सभापति ने दोनों पक्षों के सदस्य से आत्मचिंतन करने का का आह्वान करते हुए कहा, उन्हें शपथ लेनी होगी और देश के सामने एक उदाहरण पेश करना होगा कि हम पहले भारतीय हैं, हमारे लिए राष्ट्र सबसे पहले है। राष्ट्रवाद के प्रति हमारी प्रतिबद्धता शत-प्रतिशत होनी चाहिए। हम अपनी राष्ट्रीयता को कम नहीं होने देंगे। हम अपनी एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए किसी भी चुनौती को बर्दाश्त नहीं करेंगे। श्री धनखड़ ने कहा, यह हमारे अस्तित्व को चुनौती है।

## दिग्गज राजनेता एसएम कृष्णा का निधन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक और भारत के सबसे प्रतिष्ठित राजनेताओं में से एक और पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा का मंगलवार को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

आधुनिक बेंगलुरु के वास्तुकार माने जाने वाले कृष्णा ने कुछ समय तक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने के बाद आज सुबह 2:45 बजे अपने आवास पर अंतिम सांस ली। भारतीय राजनीति में एक महान व्यक्तित्व, कृष्णा का शानदार करियर दशकों तक रहा, जो ऐतिहासिक उपलब्धियों और शासन के लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण को चिह्नित करता है। उनका जन्म एत मई, 1932 को मांड्या जिले के सोमनहल्ली गांव में हुआ। उन्होंने 1962 में मद्दूर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले एक स्वतंत्र विधायक के रूप में अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की। कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल (1999-2004) अभूतपूर्व वृद्धि एवं विकास के युग की शुरूआत के लिए याद किया जाता है। उनके नेतृत्व के दौरान बेंगलुरु भारत की सिलिकॉन वैली के रूप में उभरा, जिसने प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के केंद्र के रूप में वैश्विक पहचान प्राप्त की।

## नीतीश की सरकार ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए उठाए कई महत्वपूर्ण कदम

**दीपक कुमार**



**बिहार:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने राज्य में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस संदर्भ में, राज्य के पुलिस विभाग में बदलाव और सुधार की प्रक्रिया शुरू की गई है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि बिहार में किसी भी प्रकार की अपराध, भ्रष्टाचार, और पुलिस-अपराधी गठजोड़ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के कार्यों की समीक्षा की जाएगी, और जिनकी कार्यशैली ठीक नहीं होगी, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कुछ अधिकारियों के प्रमोशन की संभावना है, जबकि कुछ जिलों और रेंजों में अधिकारियों का तबादला भी किया जाएगा।

पुलिस मुख्यालय में तेज तर्रार आईपीएस अधिकारी श्री कुंदन कृष्णन को एडीजी के पद पर तैनात किया गया है, जिन्हें कानून व्यवस्था को सुधारने और अपराध पर काबू पाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त, कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां भी दी जा रही हैं।

मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा ने भी पुलिस व्यवस्था की समीक्षा की है और कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में और बड़े फैसले लिए जाएंगे, ताकि राज्य में बेहतरीन कानून व्यवस्था स्थापित हो सके।

सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक जिले और थाना में पीड़ितों की सुनवाई हो और किसी भी शिकायत को अनदेखा न किया जाए। इसके लिए सरकार ने निर्देश दिए हैं कि थानों में किसी प्रकार की देरी या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। यदि किसी थाना में शिकायत पर कार्रवाई नहीं की जाती है या पुलिस कर्मी पीड़ित से अपमानजनक व्यवहार करते हैं, तो उन पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कुल मिलाकर, यह संदेश है कि बिहार में पुलिस व्यवस्था में बदलाव की प्रक्रिया चल रही है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हर नागरिक को न्याय मिले, और कानून का राज स्थापित हो।

# पीएम मोदी ने पानीपत से किया एमएचयू कैंपस का शिलान्यास

## शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर एमएचयू के प्रांगण में सेमीनार आयोजित किया गया



**करनाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पानीपत में आयोजित कार्यक्रम से महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के 421 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले मैन कैंपस का वर्चुअली शिलान्यास किया। शिलान्यास समारोह के उपलक्ष्य में एमएचयू के प्रांगण में बागवानी के विकास पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। समारोह में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जैसे ही माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने एमएचयू के मैन कैंपस का शिलान्यास किया, उस वक्त आयोजन स्थल पर एमएचयू कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा की गरिमामयी उपस्थिति में तालियों की गडगडाहट से वातावरण में उत्साह-जोश का माहौल व्याप्त हो गया। सभी अधिकारियों, वैज्ञानिकों, किसान भाईयों ने कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एमएचयू के मैन कैंपस के शिलान्यास करने पर बधाई दी। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने किसानों को सम्बोधित किया ओर अपने-अपने बागवानी विषयों के संबंध में प्रश्न पूछे, जिनका किसान भाईयों ने बखूबी जवाब दिया। सही जवाब देने वाले किसान भाईयों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। किसान संगोष्टी में बागवानी विभाग हरियाणा सरकार के एचओडी स्पेशल डॉ अर्जुन सिंह सैनी, डायरेक्टर जनरल हॉर्टिकल्चर डॉ रणबीर सिंह, बागवानी महाविद्यालय के डीन व अनुसंधान निदेशक डॉ रमेश गोयल, रजिस्ट्रार सुरेश सैनी, एसडीएम अभिनव मेहता, डीन पीजीएस डा धर्मपाल चौधरी, डीईई डॉ विजय पाल यादव, एचटीआई हॉर्टिकल्चर हरियाणा सरकार के संयुक्त निदेशक व प्रिंसिपल डॉ जोगिंद्र ,एक्सईएन अनुज गुप्ता, डीएचओ डॉ मदन सिंह सहित अन्य वैज्ञानिकों ने विशेष तौर से भाग लिया। मंच संचालन छात्र कल्याण निदेशक डॉ रंजना गुप्ता ने किया। महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय के मैन कैंपस का निर्माण कार्य 2 पैकेज में एक साथ होगा। मेन कैंपस का निर्माण 65 एकड़ जमीन पर किया जाएगा। निर्माण कार्य लगभग 2 साल में बनकर पूरा हो जाएगा। महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय हरियाणा की पहली बागवानी यूनिवर्सिटी हैं, जो उत्तर भारत के मैदानी इलाके के किसान भाईयों के लिए वरदान साबित होगी, विश्वविद्यालय का सबसे पहला फायदा किसान भाईयों को मिलेगा, जिससे उनकी आय में यकीकन बढ़ोतरी होगी।

### मैन कैंपस में बनेंगे 9 विभाग

कुलपति डॉ. सुरेश ने बताया कि महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के लिए बनने वाले मैन कैंपस में 9 विभाग, जिनमें फल, सब्जी विभाग, फूल व मसाले एवं औषधीय फसलें विभाग, कटाई उपरांत प्रबंधन विभाग, मधुमक्खी पालन विभाग, मशरूम अनुसंधान विभाग, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, बेसिक साइंस एवं सोशल साइंस आदि शामिल होंगे।

### ये बनेगा दोनों पैकेज में

कुलपति डॉ. सुरेश ने बताया कि विश्वविद्यालय के मैन कैंपस का निर्माण 2 पैकेज में होगा। पहले पैकेज में मुख्य प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवन, पुस्तकालय, अनुसंधान प्रयोगशालाएं व अन्य निर्माण किए जाएगे। दूसरे पैकेज में कुलपति निवास, कर्मचारी निवास,अंतरराष्ट्रीय छात्रावास, लड़के ओर लड़कियों के लिए छात्रावास, किसान प्रशिक्षण छात्रावास महिला व पुरुषों के लिए, बहुउददेशीय हॉल, व्यायामशाला, एम्फीथिएटर, शॉपिंग कॉम्पलैक्स, चिकित्सा देखभाल केंद्र, सीवरेज ट्रीटमेंट सिस्टम, सड़के, बैंक ओर एटीएम, डाकघर आदि का निर्माण किया ।दोनों ही पैकेज के अर्तगत होने वाले निर्माण कार्यों पर करीब 421 करोड़ रुपए खर्च होंगे। विश्वविद्यालय के सारे भवन ग्रहा-3 रेटिंग वाली ग्रीन श्रेणी की जल संरक्षण की तकनीकों से लैस होंगे।

### ये रिसर्च करेगा एमएचयू

कुलपति डॉ. सुरेश ने बताया कि विश्वविद्यालय बागवानी फसलों पर अनुसंधान करेगा, नई किस्मों का विकास करेगा। फसल सुरक्षा, पोषण प्रबंधन, फसल प्रंस्सकरण, वैल्यू ऐबल उत्पात बनाएगा। बागवानी के क्षेत्र में बागवानों का विकास होगा। उन्होंने कहा कि बागवानी विश्वविद्यालय द्वारा अनुसंधान कार्य किया जाएंगे, जो नवीनतम तकनीक निकलकर आएगी, उसे किसानों तक पहुंचाया जाएगा। जिससे किसानों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि बागवानी फसले सबसे मूल्यावान होती हैं। किसान तेजी से परपंरागत खेती को छोड़कर बागवानी फसलों की तरफ बढ़ेंगे, क्योंकि बागवानी विश्वविद्यालय मैदानी इलाके किसानों की बागवानी सम्बिधत समस्याओं का निराकरण करेगा। उन तक नई नई तकनीक पहुंचाई जाएगी, उन्नत किस्मों का बीज उपलब्ध करवाएगा।

# दिल्ली के करीब 40 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी वाला मेल, कुछ संदिग्ध नहीं मिला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में सोमवार सुबह करीब 40 स्कूलों को बम की धमकी वाला मेल मिला और मेल भेजने वाले ने 30,000 अमेरिकी डॉलर की मांग की है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। धमकी भरा ईमेल आने के बाद कई सुरक्षा एजेंसियों ने स्कूल परिसरों में तलाशी ली लेकिन उन्हें कुछ संदिग्ध नहीं मिला।

धमकी एक ही ई-मेल के जरिए दिल्ली के प्रमुख स्कूलों को भेजी गई थी, जिनमें आरके पुरम का दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), पश्चिम विहार का जीडी गोयनका, चाणक्यपुरी में द ब्रिटिश स्कूल, अरबिंदो मार्ग स्थित द मदर्स इंटरनेशनल, मंडी हाउस का मॉडर्न स्कूल, डीपीएस वसंत कुंज, सफदरजंग का दिल्ली पुलिस पब्लिक स्कूल, डीपीएस ईस्ट ऑफ कैलाश और सलवान पब्लिक स्कूल शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि जिन स्कूलों को धमकी मिली थी, उनमें से अधिकतर ने अपनी कक्षाएं स्थगित कर दीं तथा छात्रों को घर वापस भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि जिन स्कूलों को धमकी मिली थी, उनके परिसर की गहन जांच की गई और वहां कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि उनके



जिले में स्थित चार स्कूलों को भी यह (धमकी भरा) ईमेल मिला है। उन्होंने बताया, सूचना मिलने के तुरंत बाद हमने स्कूल परिसर की गहन जांच की। कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। मैं अभिभावकों से अनुरोध करता हूं कि वे घबराएं नहीं। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह सात बजकर छह मिनट पर डीपीएस आरके पुरम से और सुबह छह बजकर 15 मिनट पर जीडी गोयनका, पश्चिम विहार से बम की धमकी वाली सूचना मिली। उन्होंने बताया कि श्वान दस्ता, बम निरोधक दल और स्थानीय पुलिस सहित दमकल विभाग के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे तथा स्कूलों में तलाश अभियान शुरू किया। सूत्रों ने बताया कि यह ईमेल स्कूल की आईडी पर रविवार रात 11 बजकर 38 मिनट पर आया, जब स्कूल बंद थे। ईमेल में लिखा था, मैंने इमारत के अंदर कई बम लगाए हैं। बम छोटे हैं और बहुत अच्छी तरह से छिपाए गए हैं। इससे इमारत को बहुत अधिक नुकसान नहीं होगा, लेकिन बमों के फटने से कई लोग घायल हो जाएंगे। मेल में यह भी लिखा है, अगर मुझे 30,000 डॉलर नहीं मिले तो आप सभी को नुकसान उठाना होगा और इसकी कीमत चुकानी होगी। इस हमले के पीछे =ई2=80=9सीकेएनआर=ई2=80=9डी समूह का हाथ है। अभिभावकों को भेजे गए संदेश में मयूर विहार स्थित मदर मेरी स्कूल ने कहा, आज सुबह स्कूल में बम की धमकी को लेकर एक ईमेल प्राप्त हुआ। इसलिए, एहतियात के तौर पर छात्रों को तुरंत वापस भेजा जा रहा है।

आपसे अनुरोध है कि कृपया अपने बच्चों को अपने-अपने बस स्टॉप से ले जाएं। दिल्ली पुलिस की विशेष एवं अपराध शाखा ने मामले में जांच शुरू की है। मई में दिल्ली के 200 से अधिक स्कूलों, अस्पतालों और अन्य महत्वपूर्ण सरकारी प्रतिष्ठानों को इसी तरह की बम की धमकी मिली थी, लेकिन मामला अब तक सुलझा नहीं है क्योंकि मेल वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) का उपयोग करके भेजा गया था।

## राजौरी गार्डन के एक रेस्तरां में लगी आग दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन बाजार स्थित एक रेस्तरां में सोमवार को आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली के अग्निशमन सेवा विभाग के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया, 'हमें अपराह्न 2.01 बजे राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन के पास जंगल जम्बूरी रेस्तरां में आग लगने की सूचना मिली। आग पर काबू पाने के लिए तुरंत दमकल की 10 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि आग लगने की घटना में अब तक किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चल सका है।



अधिकारियों के मुताबिक आग लगने से इलाके में घना धुआं फैल गया, जिससे आसपास के दुकानदारों में दहशत फैल गई। आग लगने की इस घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिनमें लोग अपनी जान बचाने के लिए बगल की इमारत पर कूदते नजर आ रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि घटना के समय रेस्तरां में 20 से अधिक लोग मौजूद थे।

घटना के प्रत्यक्षदर्शी दुकानदार घनश्याम अग्रवाल ने कहा, 'अपरा' करीब दो बजे का समय था, जब कई स्थानीय दुकानदारों ने जंगल जम्बूरी रेस्तरां से काला धुआं निकलता देखा। हमने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग की टीमों को सूचित किया। अपनी जान बचाने के लिए 25 से ज्यादा लोग रेस्तरां में बैठने की खुली जगह से पास की एक इमारत की छत पर कूद गए।

## दिल्ली में पूर्व पति ने तलाकशुदा पत्नी पर चाकू से गोदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के सीलमपुर इलाके में एक युवक ने अपनी तलाकशुदा पूर्व पत्नी को सरेआम चाकू से गोद दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उत्तर-पूर्वी जिले के सीलमपुर में शनिवार शाम एक युवक ने अपनी तलाकशुदा पत्नी को चाकू से गोदकर घायल कर दिया। पीड़ित महिला की पहचान 20 वर्षीय मुस्कान के रूप में हुई है। वारदात की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता मुस्कान को पास के जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया, हालत गंभीर होने के चलते डॉक्टरों ने उसे जीटीबी अस्पताल में रेफर कर दिया।

पुलिस का कहना है कि अभी पीड़िता का बयान नहीं हो सके हैं। हमले की वजह अभी तक पता नहीं चल सकी है। सीलमपुर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी राज कोहली शास्त्री पार्क का रहने वाला बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। पुलिस ने बताया कि मुस्कान का राज के साथ प्रेम विवाह हुआ था। हालांकि, बाद में दोनों का तलाक हो गया था। इसके बाद वारदात को अंजाम दिया गया।



**अवैध संबंध के शक में महिला पर हमला**

वहीं, दिल्ली के कालकाजी इलाके में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने शुक्रवार को झगड़े के बाद एक अन्य महिला पर ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया। आरोपी महिला को शक था कि उसके पति और पीड़ित महिला के बीच अवैध संबंध हैं। इसके चलते दोनों महिलाओं के बीच झगड़ा हुआ था। मामले की सूचना के बाद पहुंची कालकाजी थाना पुलिस ने आरोपी बुजुर्ग महिला को गिरफ्तार कर लिया है। घायल महिला को अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया है। दोनों पश्चिम बंगाल की रहने वाली हैं।

## धोखाधड़ी के मामले में कंपनी और निदेशकों पर केस दर्ज

**नोएडा, एजेंसी।** सिंगापुर के राष्ट्रीय संस्थान से प्रमाणपत्र और विशेषज्ञों से प्रशिक्षण दिलाने का झांसा देकर महिला के साथ ठगी करने के मामले में एक्सप्रेसवे थाने में दो निदेशकों और कंपनी के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। महिला का आरोप है कि नामजद निदेशकों ने कई अन्य लोगों के साथ भी इसी प्रकार की ठगी की है। शिकायत में सेक्टर-134 स्थित जेपी कॉसमॉस सोसाइटी निवासी सौम्या विश्नोई ने बताया कि वह टीसीएस कंपनी में बीते आठ सालों से काम कर रही हैं। शिकायतकर्ता ने एसएपी जीआरसी की ट्रेनिंग के लिए एसीटीई टेक्नोलजीज की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के आधार पर उनसे संपर्क किया। नौ मई 2024 को धनुष नामक व्यक्ति ने शिकायतकर्ता महिला के पास कॉल की और प्रशिक्षण संबंधी कई लुभावने वादे किए। एक अनुभवी टीचर से इस दौरान धनुष ने बात भी कराई ताकि महिला का विश्वास जीता जा सके। वादों के जाल में फंसकर शिकायतकर्ता और उसकी दोस्त प्रीति ने 65 हजार रुपये का भुगतान कर दिया। भुगतान के बाद प्रशिक्षण के लिए योग्य टीचर को जोड़ा गया। लेकिन कुछ ही समय बाद अनुभवहीन शिक्षक से प्रशिक्षण दिलाया जाने लगा। सुबह के बैच की जगह शाम के बैच की पेशकश की गई। सर्वर एक्सेस देने में जानबूझकर देरी की गई। इस दौरान अच्छे शिक्षक से प्रशिक्षण दिलाने के लिए अतिरिक्त पैसे की मांग की गई।

## दिल्ली दंगा: देवांगन कलीता की जांच से संबंधित केस डायरी को हाईकोर्ट ने संरक्षित रखने का दिया आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली दंगों की साजिश रचने की आरोपी देवांगन कलीता की जांच से संबंधित केस डायरी को संरक्षित रखने का आदेश दिया है। जस्टिस जसमीत सिंह की बेंच ने कहा कि ट्रायल कोर्ट में चल रहे मामले का कोई भी फैसला हाईकोर्ट में लंबित इस मामले के फैसले पर निर्भर करेगा। मामले की अगली सुनवाई 31 जनवरी 2025 को होगी।

**केस डायरी के दस्तावेजों को संरक्षित रखने का दिशानिर्देश**

देवांगन कलीता की ओर से पेश वकील ने हाईकोर्ट से कहा कि केस डायरी में पूर्व की तिथियों को अंकित कर बयानों को दर्ज किया गया है जो कानूनी तौर पर वैध नहीं है। उन्होंने मांग की कि केस डायरी




के दस्तावेजों को संरक्षित रखने का दिशानिर्देश जारी किए जाएं। तब कोर्ट ने कहा कि हम एकतरफा आदेश जारी नहीं कर सकते, दिल्ली पुलिस का जवाब आने दीजिए। कलीता की ओर से कहा गया कि ट्रायल कोर्ट में आरोप तय करने पर सुनवाई चल रही है। आरोप तय करने पर सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने केस डायरी में पूर्व की तिथियों वाले बयानों का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि देवांगन कलीता की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की करवाने में मुख्य भूमिका थी।

**सड़क जाम कर लोगों को उकसाने का आरोप**

कलीता पर आरोप है कि उसने 22 फरवरी 2020 को जाफराबाद मेट्रो स्टेशन के पास सड़क जाम करने के लिए लोगों को उकसाया था। कलीता को यूएपीए के मामले में जमानत मिल चुकी है। इस मामले में जिन लोगों को आरोपी बनाया गया है उनमें सफूरा जरगर, ताहिर हुसैन, उमर खालिद, खालिद सैफी, इशरत जहां, मीरान हैदर, गुलफिशा, शफा उर रहमान, आसिफ इकबाल तन्हा, शादाब अहमद, तसलीम अहमद, सलीम मलिक, मोहम्मद सलीम खान, अतहर खान, शरजील इमाम, फैजान खान, नताशा नरवाल और देवांगन कलीता शामिल हैं।

# दिल्ली के रोहिणी विधानसभा में समाप्त हुई दिल्ली न्याय यात्रा, एक महीने में 70 विधानसभा कवर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस की दिल्ली न्याय यात्रा का रोहिणी विधानसभा में शनिवार को समापन हो गया। 30वें दिन कांग्रेस की यह यात्रा बवाना विधानसभा से शुरू हुई जो रिठाला विधानसभा होते हुए रोहिणी में पहुंची। दिल्ली की 70 विधानसभा का दौरा करनेवाली इस न्याय यात्रा के माध्यम से जहां एक तरफ कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने अपना शक्ति प्रदर्शन दिखाया। तो वहीं, दूसरी ओर उन्होंने दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। साथ ही, उन्होंने दिल्ली सरकार की फ्री की रेवड़ी पर भी तंज कसा। इसके अलावा इस यात्रा से उन्होंने दिल्लीवासियों को दिल्ली की सभी समस्याओं से न्याय दिलाने की बात कही। कांग्रेस की दिल्ली न्याय यात्रा का शनिवार 7 दिसंबर को समापनः दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले अपनी जमीन को मजबूत करने में जुटी कांग्रेस की दिल्ली न्याय यात्रा का शनिवार 7 दिसंबर को समापन हो गया।



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में शुरू की गई दिल्ली न्याय यात्रा शनिवार को 30वें दिन 70 विधानसभा को कवर करते हुए समाप्त हुई। दिल्ली के बवाना विधानसभा से शुरू हुई ये यात्रा रिठाला विधानसभा होते हुए रोहिणी विधानसभा पहुंची, जहां इस यात्रा को अंतिम रूप दिया गया। दिल्ली सरकार की फ्री वाली रेवड़ी पर साधा निशानाः दिल्ली न्याय यात्रा के आखिरी दिन यात्रा बवाना विधानसभा के कृष्ण विहार से शुरू की गई, जिसके बाद कृष्ण विहार विभिन्न गलियों और चौक चौराहों से होती हुई, बुध विहार, रिठाला और रोहिणी सेक्टर 7 के नाहरपुर गांव में पहुंची। इस न्याय यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी देखने को मिली, जिसने कांग्रेस कार्यकताओं में जोश और उत्साह भरने का काम किया। कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने इस यात्रा के दौरान दिल्ली सरकार की फ्री वाली रेवड़ी पर भी निशाना साधा, और पानी की समस्या पर तंज कसा। न्याय यात्रा ने कांग्रेस के संदेश को जन जन तक पहुंचायाः 30 दिन और 70 विधानसभा तक पहुंची इस न्याय यात्रा के माध्यम से दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कांग्रेस के संदेश को जन जन तक पहुंचाने का काम किया। इस यात्रा के माध्यम से कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली की बुनियादी सुविधाओं पर विशेष जोर दिया, और साथ ही उन्होंने दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सत्ता वाली सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए।

इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि 30 दिनों में दिल्लीवासियों का भरपूर समर्थन मिला। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस न्याय यात्रा के माध्यम से हमारा प्रयास रहेगा, कि दिल्लीवासियों को दिल्ली की बुनियादी सुविधाओं को लेकर न्याय मिले।न्याय यात्रा में दिल्ली की समस्याओं को समझने का प्रयासः गौरतलब है कि बीते 8 नवंबर को शुरू हुई दिल्ली न्याय यात्रा दिल्ली की सभी 70 विधानसभा पहुंची। इस यात्रा के माध्यम से दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली की सभी 70 विधानसभाओं का दौरा किया और इस दौरान उन्होंने दिल्ली की समस्याओं को समझने का प्रयास किया। साथ ही उन्होंने विभिन्न समस्याओं से न्याय दिलाने की बात कही। बहरहाल दिल्ली न्याय यात्रा का समापन हो गया, और अब आने वाले विधानसभा चुनाव में देखना होगा कि इस दिल्ली न्याय यात्रा का कांग्रेस को कितन लाभ मिलता है, और कांग्रेस चुनावी नतीजों किस तरह इसे बदल पाती है।

## एक नजर

### नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ याचिका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 सहित नए आपराधिक कानूनों में कुछ प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। यह याचिका अधिवक्ता विशाल तिवारी के माध्यम से दायर की गई है। इन कानूनों को 20 दिसंबर, 2023 को लोकसभा में पारित किया गया था। याचिका में अधिवक्ता ने सुप्रीम कोर्ट से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के प्रावधानों/धारा 187(2)(3), 43(3), 173(3) और 85 को संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करार देते हुए असंवैधानिक घोषित करने का आग्रह किया है। धारा 187(2) और 187(3) जांच प्रक्रिया में अभियुक्तों की हिरासत से संबंधित है। बीएनएसएस की धारा 43(3) ऐसे व्यक्ति को न्यायालय के समक्ष पेश करते समय हथकड़ी के प्रयोग से संबंधित है, जो आदतन अपराध करने वाला है। धारा 173(3) में कहा गया है कि जांच अधिकारी 14 दिनों की अवधि के भीतर एफआईआर दर्ज करने से पहले प्रारंभिक जांच करेगा।

### तीन सौ रुपये नहीं देने पर युवक को चाकू मारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तम नगर इलाके में तीन सौ रुपये न देने पर एक बदमाश ने युवक को पहले पीटा और बाद में चाकू से गोदकर घायल कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। एक दुकानदार की मदद से घायल के दोस्त ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल 22 वर्षीय विक्की अपने परिवार के साथ उत्तम नगर इलाके में रहता है। वह उत्तम नगर स्थित बंसल बर्तन की दुकान पर काम करता है। पुलिस को दिए बयान में विक्की के दोस्त 20 वर्षीय अलम ने बताया कि एक दिसंबर को वे दोनों दुकान पर थे। शाम करीब 4.30 बजे अलम बाथरूम जाने के लिए दुकान से बाहर शानि बाजार के पास गया। वहां उसे एक लड़के ने रोक लिया और तीन सौ रुपये देने के लिए कहा। अलम ने मना कर दिया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। अलम अपनी जान बचाकर वापस दुकान पर आ गया। उसने विक्की को पूरी बात बताई। विक्की अलम को लेकर शनि बाजार पहुंचा, जहां वह लड़का मिल गया। विक्की ने उससे झगड़े का कारण पूछा तो आरोपी फिर से तीन सौ रुपये देने की मांग करने लगा। विक्की ने पैसे देने से मना किया तो आरोपी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। पुलिस ने घायल विक्की को डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की पहचान करने में जुटी है।

### गैस रिसाव से हुए धमाके में एक परिवार के छह घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी के नरेला इलाके में रविवार सुबह सिलेंडर से गैस रिसाव के कारण जोरदार धमाका हुआ। धमाके में दो मंजिला इमारत की दीवार और छत गिरने से एक ही परिवार के छह लोग बुरी तरह घायल हो गए। सभी घायलों को राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां एक की हालत नाजुक बनी हुई है। घायलों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। बहरहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। धमाके के कारण लगी आग बुझाने के लिए मौके पर दो दमकल वाहनों को भेजा गया था। यह घटना नरेला इलाके में शनि बजार स्थित पंजाबी कॉलोनी में हुई। जानकारी के मुताबिक, रविवार सुबह करीब आठ बजे पुलिस को कॉल मिली कि पंजाबी कॉलोनी निवासी राजू के घर में धमाका हुआ है। इससे उसके घर की छत गिर गई और कई लोग घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल कर्मियों ने घायलों को बाहर निकाला। पुलिस जांच में पता चला कि गैस जलाने के लिए माचिस की तीली जलाते ही जोरदार धमाका हुआ था। घायलों में राजू, राजेश्वरी, राहुल, मोहिनी, वर्षा और माही शामिल हैं। राजू की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) और क्राइम टीम को बुलाया गया था। टीम ने साक्ष्य एकत्र किए हैं।

### दो मंजिला इमारत में सिलेंडर ब्लास्ट, छह घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाहरी उत्तरी जिले के नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाना के अंतर्गत सेक्टर बी4 में सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। विस्फोट और उसके बाद छत गिरने से घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया। घायलों में तीन छोटे बच्चे भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, यह हादसा एक दो मंजिला इमारत में हुआ, जहां एक सिलेंडर के फटने के चलते छत गिर गई। दमकल विभाग के अनुसार रविवार सुबह करीब सात बजे सूचना मिली कि नरेला इलाके में एक मकान में सिलेंडर ब्लास्ट हो गया है। खबर मिलते ही चार दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकलकर्मियों ने एक घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों के मुताबिक हादसे के समय घर में खाना बना रहा था। अचानक हुए धमाके के कारण छत गिरने से परिवार के सभी सदस्य घायल हो गए। घायलों की पहचान वर्षा (5), माही, (3), मोहिनी (15) राजू (40), राजेश्वरी (35) और राहुल (18) के रूप में हुई है। पुलिस जांच कर रही है।

### रोहिणी में दो छात्र 'पीजी' आवास की चौथी मंजिल से गिरे, मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी में सोमवार को दो छात्रों की अपने 'पेइंग गेस्ट (पीजी)' आवास की चौथी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने पहले कहा था कि छात्रों ने चौथी मंजिल से छलांग लगाई थी। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान राजस्थान के भरतपुर निवासी ईशान और दिल्ली के पालम कालोनी निवासी हर्ष के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि वे दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) और भगवान परशुराम प्रौद्योगिकी संस्थान (बीपीआईटी) से बीबीए की पढ़ाई कर रहे थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, केएनके मार्ग पुलिस थाने में रात 1 बजकर 10 मिनट पर एक पीसीआर कॉल आई जिसमें बताया गया कि दो लड़के एक इमारत की छत से गिर गए हैं। पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पहुंची। शुरूआती जांच में पता चला कि पीजी आवास की चौथी मंजिल पर एक कमरे में मौजूद दो छात्र खिड़की से गिर गए थे। अधिकारी ने बताया कि आगे की जांच जारी है।

### दिल्ली पुलिस ने 2.5 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त की, महिला समेत दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाली एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 402 ग्राम हेरोइन जब्त की है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, यह अभियान सात और आठ दिसंबर को एक गुप्त सूचना के आधार पर चलाया गया था। बरामद किए गए मादक पदार्थ की बाजार में अनुमानित कीमत 2.5 करोड़ रुपये है। बाहरी-उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त निधिन वलसन ने बताया कि पुलिस ने लक्षित छापेमारी की और नरेला से 41-वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार कर उसके पास से 102 ग्राम हेरोइन जब्त की। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि इससे पहले 2023 में भी महिला को उसके पति के साथ इसी तरह के अपराध के लिए गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह जमानत पर बाहर है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के रहने वाले एक अन्य आरोपी जिलानी (30) को बवाना से गिरफ्तार कर उसके पास से 300 ग्राम हेरोइन जब्त की गयी। वलसन ने बताया कि जिलानी की आपराधिक पृष्ठिभूमि रही है, जिसमें उत्तर प्रदेश असामाजिक गतिविधियां रोकथाम अधिनियम और गौहत्या रोकथाम अधिनियम के तहत मामले शामिल हैं।

# फर्जी बाबा बन महिलाओं को बनाते थे शिकार, गहने और नकदी लेकर फरार

**नोएडा, एजेंसी।** फर्जी बाबा बनकर महिलाओं के गहने और नकदी लेकर फरार होने वाले गिरोह के चार सदस्यों को सेक्टर-58 थाने की टीम ने सोमवार को दबोच लिया। आरोपी सोडियम पर पानी छिड़ककर आग लगाते थे, ताकि लोगों को विश्वास में लिया जा सके कि ऐसा दैवीय शक्ति की वजह से होता है। आरोपियों के पास से टप्पेबाजी में इस्तेमाल होने वाली कार, घटना से संबंधित मोबाइल, दो चाकू, लकड़ी का टुकड़ा और सोडियम से भरी छोटी सफेद डिब्बी बरामद हुई है।

गिरफ्त में आए आरोपियों का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। सभी आरोपी महज पांचवीं से आठवीं तक पढ़े हैं। एसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि बीते दिनों इनपुट मिला था कि अलग-अलग थानाक्षेत्र में ऐसा गिरोह सक्रिय है जो महिलाओं को झांसे में लेने के लिए सोडियम पर पानी छिड़कर आग लगाता है। इसके बाद उनके कष्टों को दूर करने के लिए गहने और पैसे लेकर फरार हो जाता है। गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की गई थी।




मुखबिर से मिले इनपुट पर सेक्टर-58 थाने की पुलिस ने सोमवार को जयपुरिया चौराहे से छोटा डी पार्क की तरफ जाने वाले रास्ते पर गिरोह के चार आरोपियों को दबोच लिया। आरोपियों की पहचान दिल्ली के सीमापुर निवासी शेरू, जहीर और गुलहसन और गाजियाबाद के विजयनगर निवासी रियाजुद्दीन के रूप में हुई है। आरोपियों ने नोएडा के अलावा दिल्ली में भी कई वारदात की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी योजना के तहत सवारियों को अपनी कार में बैठाते हैं और सोडियम से लकड़ी के टुकड़े में आग लगाकर लोगों को भ्रमित करते हैं।

गिरोह के कुछ आरोपी बाबाओं की वेशभूषा में रहते हैं। आरोपियों के पास से जो मोबाइल बरामद हुआ है वह भी घटना से संबंधित है। बीते दिनों आरोपियों ने एक अनजान व्यक्ति को कार में बैठाया और भ्रमित कर उसका मोबाइल और पैसे लेकर फरार हो गए। मोबाइल गुल हसन के पास से मिला है। गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

**इस तरह महिलाओं को जाल में फंसाते थे**

आरोपी महिलाओं समेत अन्य लोगों से कहते थे कि तुम सबका भला करती हो लेकिन तुम्हारा कोई भला नहीं करता है। तुम अपने बच्चों की वजह से परेशान हो। घर में पैसा आता है पर जल्दी खर्च हो जाता है। ऐसी बाते सुनकर महिलाएं समेत अन्य लोग आरोपियों के झांसे में आ जाते थे। खुद को असली बाबा साबित करने के लिए आरोपी सोडियम पर पानी छिड़कते थे, जिससे उसमें आग लग जाती थी। आरोपी ऐसा करके यह दिखाते थे कि वे अपनी शक्तियों से बिना माचिस के ही आग लगा रहे हैं। ये सब देखकर महिलाएं समेत अन्य लोग झांसे में आ जाते थे। इसके बाद पारिवारिक और आर्थिक दिक्कतों को दूर करने का आरोपी भरोसा देते थे। बातों में उलझाकर आरोपी महिलाओं के जेवर उतरवा कर मौके से फरार हो जाते थे।

नोएडा जोन के एसीपी द्वितीय शैव्या गोयल ने कहा, 'सोडियम छिड़क कर आग लगाने के बाद लोगों को भ्रमित कर टप्पेबाजी करने वाले गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आपराधिक गतिविधि में इस्तेमाल कार भी बरामद हुई है। गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।'

**पास में रखते थे देवी-देवता की फोटो**

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह बाबा की वेशभूषा में रहते हैं। लोगों को भ्रमित करने के लिए आरोपी अपने पास देवी और देवताओं की फोटो भी रखते हैं। हालांकि जिस समय गिरोह के सदस्यों को दबोचा गया उस समय उनके पास फोटो नहीं थी। विरोध करने पर लोगों को डराने के लिए आरोपी अपने पास चाकू भी रखते हैं। कुछ समय पहले एक्सप्रेसवे थाने की पुलिस ने भी ऐसे गिरोह का पदार्फाश किया था। इसमें पांच आरोपियों को दबोचा गया था और उनके पास से गहने और नकदी समेत सामान बरामद किया गया था। गिरफ्त में आए बदमाशों का आपराधिक इतिहास भी था।

## पलवल : शादी समारोह से गहने और कैश से भरा बैग चोरी गायब

**पलवल।** पलवल में एक शादी समारोह में चोरों ने लाखों रुपए कैश और जेवर से भरे बैग चुरा लिया। विवाह पैलेस (वाटिका) में बेटी की शादी में व्यक्ति रिश्तेदार को विदा करने में व्यस्त हुए तो चोरों ने मौका पाकर वारदात को अंजाम दे दिया। हसनपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। हसनपुर थाना प्रभारी प्रकाशचंद ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि सदवागढ़ी गांव निवासी सोनू ने दी शिकायत में कहा है कि गांव में ही बनी एक वाटिका में उसकी बहन की शादी का प्रोग्राम चल रहा था। उसके पिता चंदर पाल वाटिका में एक टेबल पर अपने कैश व आभूषणों से भरे हुए बैग को लेकर बैठे हुए थे। बैग में करीब दो लाख रुपए नकद व सोने के आभूषण थे। इसी दौरान प्रोग्राम में से उनके रिश्तेदार जाने लगे तो उसके पिता ने बैग को टेबल पर रख दिया और वहीं खड़े होकर रिश्तेदारों को विदा करने लगे। इसी दौरान कोई अज्ञात युवक उनके बैग को उठाकर वहां से लापता हो गया। जब उनके पिता ने देखा तो बैग टेबल से गायब हो गया तो उन्होंने अपने परिजनों को इस बारे में बताया। जिसके बाद उन्होंने काफी तलाश की लेकिन बैग कहीं नजर नहीं आया। काफी तलाश करने के बाद भी जब बैग नहीं मिला तो परेशान होकर वे इसकी शिकायत लेकर हसनपुर थाने पहुंचे। हसनपुर थाना पुलिस ने सोनू की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि चोर की तलाश में पुलिस की टीम जुटी हुई है, जल्द ही गिरफ्तार कर चोरी हुए सामान को बरामद कर लिया जाएगा।

## दिल्ली में रफ्तार का कहर, बेकाबू ट्रक ने बस में मारी टक्कर, 3 की मौत

दिल्ली के महिपालपुर इलाके में सोमवार सुबह करीब 4 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पर बस को पीछे टक्कर मार दी। हादसे में दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने बस चालक के बयान पर संबंधित धारा में केस दर्ज कर ट्रक चालक तौफीक को गिरफ्तार कर लिया है। ट्रक जब्त कर लिया गया है।

पुलिस उपायुक्त सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि 52 वर्षीय कांता देवी और उसके बेटे की पत्नी 19 वर्षीय निधि अपने परिवार के साथ उपराही मोहल्ला, महिपालपुर इलाके में रहती थी। वह मूलतः यूपी के एटा की रहने वाली थी जबकि 26 वर्षीय अभिषेक अपने परिवार के साथ घड़िया,




फरूखाबार्द, यूपी का रहने वाला था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि हादसे वाली बस फिरोजाबाद से कापसहेड़ा जानी थी।

कांता देवी और निधी एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश के एटा गए थे। रविवार को वह एटा से घर आने के लिए बस में चढ़े थे। सोमवार सुबह वह महिपालपुर पहुंचे और उन्होंने बस से उतरने के लिए बस रुकवाई। निधी और कांता दोनों बस से उतर गए और अपना सामान उतारने के लिए हेल्पर के साथ बस की डिक्की के पास पहुंचे। तीनों बस से सामान निकाल रहे थे।

इसी दौरान पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। बस और ट्रक के बीच टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए और तीनों लोग बीच में फंस गए। इसके अलावा ट्रक चालक तौफिक ट्रक और अपनी सीट के बीच फंस गया। बस में मौजूद अन्य यात्रियों ने तीनों को निकालने की कोशिश की लेकिन नकामयाब रहे।

इसी दौरान सूचना मिलने के बाद वसंतकुंज नॉर्थ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने चारों लोगों को वाहनों के बीच से निकाला और सफदरजंग अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में निधी, कांता और अभिषेक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया जबकि तौफिक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। छुट्टी मिलने के बाद पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बस चालक के बयान पर संबंधित धारा में केस दर्ज कर लिया है।

## गौतमबुद्ध नगर की जिला जेल में बंद किसान कर रहे भूख हड़ताल

**नई दिल्ली/नोएडा, एजेंसी।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के किसान भूख हड़ताल कर रहे हैं। वे फिलहाल गौतमबुद्ध नगर की एक जेल में बंद हैं। एसकेएम ने एक बयान में कहा, गौतमबुद्ध नगर की जिला जेल में बंद ग्रेटर नोएडा के किसान अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए भूख हड़ताल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की कुछ मांगें काफी समय से लंबित पड़ी हैं, जिसमें 10 प्रतिशत भूमि आवंटन सुनिश्चित करने वाले नये कानून का कार्यान्वयन भी शामिल है। एसकेएम ने कहा, जब ये किसान अपनी मांग के लिए शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे तो प्रशासन ने जबरन उन्हें हिरासत में ले लिया।

## गाजियाबाद में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर लाखों की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद पुलिस ने प्रधानमंत्री आवास योजना और काशीराम आवास योजना के फर्जी आवंटन प्रपत्र तैयार कर लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है. थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में दर्ज शिकायत के अनुसार, आवेदिका ने बताया कि आरोपी अशोक, निवासी डी-ब्लॉक सुदामापुरी, ने उसे और उसके परिचितों को आवास दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये ठगे. पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम बनाई गई. पुलिस ने 7 दिसंबर को मुखबिर की सूचना पर आरोपी अशोक को ग्रीन होटल मोड़ के पास से गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध कबूलते हुए बताया कि वह सुदामापुरी में रहकर कम पढ़े-लिखे लोगों को फर्जी दस्तावेजों के जरिए ठगता था. उसने प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर लोगों से पैसे वसूले और धोखाधड़ी का पता चलने पर घर बेचकर भाग गया. पुलिस ने बताया कि आरोपी के अन्य आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है. पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे ऐसे धोखेबाजों से सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें. फिलहाल पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है. इससे पहले नोएडा में भी शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने एक इंजीनियर के साथ 23 लाख रुपये की ठगी कर ली. पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने की पुलिस से की है. जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस उन खातों की जांच कर रही है. निवेश पर मुनाफा कमाने का झांसाः पुलिस को दी शिकायत में ग्रेटर नोएडा के बीटा टू थाना क्षेत्र के एडब्ल्यूएचओ टाउनशिप में रहने वाले प्रमोद कड़प्पा शिन्दे ने बताया कि कुछ समय पहले उन्हें एक अनजान नंबर से एक व्हाट्स ऐप ग्रुप पर जोड़ लिया गया. इसमें शेयर मार्केट और शेयर ट्रेडिंग के बारे में जानकारी दी जा रही थी. एक व्यक्ति रोजाना लोगों को शेयर मार्केट की जानकारी देता था. ग्रुप के कुछ सदस्य उसकी बताई कंपनी में निवेश कर मोटा मुनाफा कमा रहे थे.

## फरीदाबाद : मंदिर से चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** मंदिर के दान पात्र से चोरी करने वाले दो आरोपियों को पीपी नंबर-2 की टीम ने गिरफ्तार कर चोरी के पैसे बरामद किए है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार चंद्रमोहन ने 08 दिसंबर को पुलिस चौकी नंबर दो को सूचना दी, कि उनकी कालोनी 2सी में पुलिस चौकी के साथ शिव मंदिर है तथा वह मंदिर की देखरेख करता है। सात दिसंबर को समय शाम के समय पूजा पाठ करके घर चला गया था, अगले दिन शाम को मंदिर आया, तो देखा कि मंदिर में रखा हुई दान पेटी नही मिली। दान पेटी में करीब 8-9 हजार की नकदी होगी। जिसके कोई अज्ञात युवक मंदिर के अंदर से चोरी करके ले गया। शिकायत पर थाना कोतवाली में मामला दर्ज किया गया। मामले में पुलिस चौकी टाउन नंबर-2 ने आज आरोपी जितेन्द्र वासी नोझिल जिला मथुरा उतर प्रदेश हाल मकान न. 55 नेहरु कालोनी 3 नम्बर फरीदाबाद, अंकुर वासी मकान न. 72 वार्ड नंबर 02 पुरानी चुंकी ओल्ड फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी के 6986 की नकदी बरामद हुई है। दोनों आरोपी नशे के आदी है। आपराधिक रिकार्ड अनुसार जितेन्द्र पर पूर्व में 2 मुकदमे दर्ज है तथा अंकुर पर 2 मुकदमे एक्साइज एक्ट के दर्ज है। दोनों आरोपियों के कोर्ट से जेल भेजने के आदेश हुए है।

## नोएडा में टप्पेबाजी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार




**नोएडा।** थाना सेक्टर-58 पुलिस द्वारा टप्पेबाजी करने वाले 4 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जिसके पास से घटना में प्रयुक्त कार, टप्पेबाजी की घटना से संबंधित एक मोबाइल फोन, छोटी सफेद डिब्बी जिसमें सोडियम नामक प्रदार्थ, लकडी का टुकडा व 02 चाकू बरामद किया गया है। बता दे कि रविवार को थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से थाना क्षेत्र के जयपुरिया चौराहे से छोटा डी पार्क के पास से टप्पेबाजी करने वाले 04 अभियुक्तों 1.शेरू 2.जहीर 3.गुल हसन व 4.रियाजुद्दीन को गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त सेन्ट्रो कार रजि0 नं0 डीएल3सीबीब्यू-4185, टप्पेबाजी की घटना से संबंधित मोबाइल फोन वनप्लस, छोटी सफेद डिब्बी जिसमें सोडियम नामक प्रदार्थ व लकडी का टुकडा व 02 अवैध चाकू बरामद हुए है। आरोपी शेरू, जहीर,गुल हसन व रियाजुद्दीन शातिर किस्म के अपराधी है, जो लोगो को अपनी कार में सवारी के रूप में बैठाकर अपने पास मौजूद छोटी सफेद डिब्बी जिसमें सोडियम नामक प्रदार्थ व लकडी के टुकडे से आग जलाकर लोगो को भम्रित करते हुए उनसे टप्पेबाजी की घटना कारित करते है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम राह चलते लोगों को इस सोडियम व लकड़ी के टुकड़े की मदद से आग जलाकर जादू दिखाकर भ्रमित करते हैं और सेंट्रो गाड़ी में बैठकर टप्पेबाजी की घटना कारित करते है। बरामद मोबाइल फोन भी एक अनजान व्यक्ति से कार में बैठाकर टप्पेबाजी करने की घटना से संबंधित है, जो अभियुक्त गुल हसन से बरामद हुआ है।

## शादी डॉटकॉम पर आटो-पे ऑप्शन बंद करने के नाम पर ठगे पांच लाख

**गुरुग्राम, एजेंसी।** शादी डॉट कॉम का प्रतिनिधि बनकर शादी डॉट कॉम पर ऑटो-पे ऑप्शन बंद करने के नाम पर ठगी कर ली गई। इस ठगी की वारदात को अंजाम देने का एक आरोपी गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 14 मोबाईल फोन, एक सिल्वर बार, आठ आधार कार्ड, छह एटीएम, क्रेडिट कार्ड व एक पैन कार्ड बरामद किया है। थाना साईबर दक्षिण गुरुग्राम में एक व्यक्ति ने शिकायत देकर कहा कि दो दिसंबर को उसके बैंक खाता से 1988 रुपये ऑटोमेटिक डेबिट हो गया। उसने अगले दिन शादी डॉट कॉम पर अपने ऑटो-पे ऑप्शन को बंद कराने के लिए गूगल पर शादी डॉट कॉम के कस्टमर केयर के नंबर ढूंढे। गूगल से लिए नंबर पर उन्होंने



संपर्क किया। इसके बाद उनके पास एक व्यक्ति की कॉल आई। उसने सहायता करने की बात कही। फिर नेटवर्क समस्या बताकर वाट्सअप कॉल की। कॉल करने वाले ने उससे कई जानकारी मांगी। तब उन्हें उस व्यक्ति पर संदेह हुआ। तब तक उसने अपने बैंक के कस्टमर केयर पर कॉल करके अपना खाता बंद कराया, तब तक खाते से करीब पांच लाख रुपये निकाले जा चुके थे। पीड़ित की इस शिकायत पर थाना साईबर दक्षिण में केस दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू की।

साईबर थाना प्रबंधक निरीक्षक नवीन कुमार की टीम ने इस साईबर ठगी के आरोपी को चेन्नई से काबू किया है।

## एक नजर

### नोएडा में चालान काट रहे ट्रैफिक इंस्पेक्टर को बाइक सवार ने मारी टक्कर, हुए लहूलुहान

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा के सेक्टर 16ए स्थित फिल्म सिटी फ्लाईओवर के ऊपर चालान काट रहे एक टीएसआई को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। घटना में टीएसआई गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद अन्य ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने आरोपी चालक को पकड़ लिया। पीड़ित ने घटना की शिकायत थाना फेज -1 पुलिस से की है। पुलिस को दी शिकायत ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर सुभाष चंद ने बताया कि वह 6 दिसंबर को सेक्टर 16ए स्थित फिल्म सिटी फ्लाईओवर के ऊपर वाहन चेकिंग के दौरान चालान काट रहे थे। इस बीच एक दिल्ली नंबर की बाइक को रोकने की कोशिश की गई। आरोप है कि इस पर तेज रफ्तार बाइक सवार ने सुभाष चंद को टक्कर मारकर घायल कर दिया। इस बीच वहां मौजूद अन्य पुलिस कर्मियों ने आरोपी बाइक सवार को पकड़ लिया। टीएसआई को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है। आरोपी की बाइक को भी सीज किया गया है।

### स्कूल गया छात्र लापता, अनहोनी की आशंका

**मुरादनगर, एजेंसी।** गुरुग्राम की वाटिका सिटी निवासी भविष्य शर्मा वर्तमान में गांव हिंसाली स्थित पावन चिंतन आश्रम में परिवार सहित रहते हैं। उनका 15 वर्षीय पुत्र संभव दिल्ली पब्लिक स्कूल में कक्षा दस का छात्र है। शनिवार को संभव अपने दोस्त की बाइक पर स्कूल गया था, लेकिन वापस नहीं आया। तलाश के बाद भी जब वह नहीं मिला तो परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि केस दर्ज कर छात्र की तलाश की जा रही है।

### ट्रक की टक्कर से बिजली का खंभा टूटकर युवक के ऊपर गिरा, कई लोग बाल-बाल बचे

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा में सेक्टर -51 स्थित होशियारपुर गांव में हिटलर पार्क के पास तेज रफ्तार ट्रक ने एक बिजली के खंभे में टक्कर मार दी। जिससे खंभा टूटकर एक युवक के ऊपर जा गिरा। घटना में युवक लहूलुहान हो गया। जबकि कुछ लोग खंभे की चपेट में आने से बाल -बाल बच गए। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना सेक्टर -49 पुलिस को दी शिकायत में धनराम ने बताया कि वह परिवार के साथ होशियारपुर में धर्मवीर के मकान में किराए पर रहता है। 7 दिसंबर को एक तेज रफ्तार ट्रक ने घर के पास खड़े एक बिजली के खंभे को टक्कर मार दी। घटना में बिजली का खंभा टूटकर उनके भाई ओमवीर के ऊपर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान कुछ लोग बाल -बाल बच गए। ओमवीर को लहूलुहान हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी चालक पर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि घटना में एक युवक घायल हुआ है। पीड़ित की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही चालक को गिरफ्तार कर उसका ट्रक भी जब्त किया जाएगा।

### बिजली तार चोरी करने वाले 2 चोर काबू , कोर्ट में पेश कर भेजा जेल

**पलवल, एजेंसी।** पलवल जिले में गदपुरी थाना अंतर्गत धतीर गांव में ट्यूबवेल से बिजली के तार चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए दो चोरों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों चोरों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

गदपुरी थाना की धतीर पुलिस चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि धतीर गांव निवासी राजपाल ने दी शिकायत में कहा था कि सात दिसंबर को दो युवक उनके ट्यूबवेल को जाने वाले बिजली लाइन के तारों को काट रहे थे। ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो वे भागने लगे। भागते समय दोनों थक कर गिर पड़े और गांव वालों ने उन्हें पकड़ कर चौकी में पुलिस के हवाले कर दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए युवकों की पहचान फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) निवासी राजू और इरसाद के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से एक दिन के रिमांड पर भेज दिया। रिमांड अवधि के बाद सोमवार को उन्हें दोबारा कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### सडक हादसे में एक युवक की जान गई, दूसरा घायल

**लोनी, एजेंसी।** ट्रॉनिका सिटी की एक फैक्टरी में काम करने वाले स्कूटी सवार दो युवक रविवार रात सड़क हादसे का शिकार हो गए। दोनों को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, वहां एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। मूल रूप से बहराइच के रहने वाले 25 वर्षीय रिंकू और उसका चचेरा भाई 22 वर्षीय गुंजन कई दिनों से ट्रॉनिका सिटी की अर्पित पेपर फैक्टरी में काम कर रहे थे। दोनों ट्रॉनिका सिटी में ही रहते थे। बताया जा रहा कि रविवार देर रात दोनों स्कूटी पर सवार होकर चाय लेने फैक्टरी से कुछ दूरी पर जा रहे थे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए। दोनों घायलावस्था में सड़क पर पड़े मिले। पुलिस ने तुरंत दोनों को उपचार के लिए लोनी सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां गंभीर हालत देखते हुए उन्हें दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, जीटीबी अस्पताल में सोमवार सुबह रिंकू की मौत हो गई। वहीं, गुंजन की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने रिंकू के परिजनों को सूचना दे दी है।

### प्लॉट पर कब्जे का आरोप लगाकर प्रदर्शन

**मोदीनगर, एजेंसी।** बह्लमपुरी कॉलोनी निवासी सुनील कुमार ने बताया कि गांव फफराना मार्ग पर एक कॉलोनी में 50 गज का प्लॉट लिया था। उस पर दबंग ने कब्जा कर लिया। विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा। सुनील सोमवार को दर्जनों लोगों के साथ तहसील पहुंचे और प्लॉट को कब्जा मुक्त कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पीड़ित ने थाने में तहरीर भी दी है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत किया।

### धोखाधड़ी के मामले में कंपनी और निदेशकों पर केस दर्ज

**नोएडा, एजेंसी।** सिंगापुर के राष्ट्रीय संस्थान से प्रमाणपत्र और विशेषज्ञों से प्रशिक्षण दिलाने का झांसा देकर महिला के साथ ठगी करने के मामले में एक्सप्रेसवे थाने में दो निदेशकों और कंपनी के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। महिला का आरोप है कि नामजद निदेशकों ने कई अन्य लोगों के साथ भी इसी प्रकार की ठगी की है। शिकायत में सेक्टर-134 स्थित जेपी कॉसमॉस सोसाइटी निवासी सौम्या विश्नोई ने बताया कि वह टीसीएस कंपनी में बीते आठ सालों से काम कर रही हैं। शिकायतकर्ता ने एसएपी जीआरसी की ट्रेनिंग के लिए एसीटीई टेक्नोलजीज की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के आधार पर उनसे संपर्क किया। नौ मई 2024 को धनुष नामक व्यक्ति ने शिकायतकर्ता महिला के पास कॉल की और प्रशिक्षण संबंधी कई लुभावने वादे किए। एक अनुभवी टीचर से इस दौरान धनुष ने बात भी कराई ताकि महिला का विश्वास जीता जा सके।

## सम्पादकीय

# दावों और हकीकत के बीच भ्रमित समाज

बावजूद इसके कि मेडिकल साइंस काफी तरक़्क़ी कर चुकी है और नित्य होने वाले अनुसंधानों ने लगभग सभी रोगों के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम भी दिये हैं। यहाँ तक कि कैंसर नामक सबसे घातक बीमारी के क्षेत्र में भी हुये अनेक नए शोध व अनुसंधानों ने कैंसर के मरीजों के इलाज में भी सकारात्मक परिणाम हासिल किये हैं। उसके बावजूद अभी भी कैंसर को दुनिया के सबसे खतरनाक व जानलेवा मर्जों के रूप में गिना जाता है। निश्चित रूप से कीमियो/थेरेपी में निरंतर आ रहे सुधारों की कारण बचपन में होने वाले कैंसर के बाद जिंदा रहने वालों की दर में बढ़ोतरी हुई है। यह अमेरिका में अब औसतन 80% या उससे ज्यादा है। हालांकि, दूसरे कैंसर के मामलों में रोग का निदान न होने से हालात अब भी बेहतर नहीं हुए हैं। यही वजह है कि अभी भी वैज्ञानिक कैंसर की आनुवंशिक वजहों और कैंसर कोशिकाओं के खास लक्षणों के बारे में ज्यादा जानने की कोशिश में जुटे हैं। खासतौर पर जब कोई मरीज चौथे स्तर के कैंसर से जूझ रहा होता है तो उसके स्वास्थ्य सुधार की संभावना बेहद कम हो जाती है।

परन्तु हमारे देश में इस खतरनाक मर्ज का इलाज करने के लिये भी विभिन्न स्तरों पर तरह तरह के दावे पेश किये जाते हैं। कैंसर का इलाज निश्चित रूप से मंहगा इलाज है। इसलिये जब किसी गरीब परिवार का सदस्य कैंसर का शिकार हो जाता है और वह धनाभाव के चलते इसका मेडिकल उपचार नहीं करा सकता तो ऐसे गरीब लोगों का इलाज करने के नाम पर लोगों का नेटवर्क पूरे देश में सक्रिय है। कोई जड़ी बूटियों से कैंसर का इलाज करने का दावा करता है तो कोई गोमूत्र या इससे बनी दवाइयां बताकर अपना धंधा चला रहा है। कोई झाड़फूंक में कैंसर का निदान बताता है। हमारे देश में तमाम अनपढ़ अशिक्षित किस्म के लोग और वैद हकीमी का दावा करने वाले अनेकानेक नीम हकीम कैंसर से जूझने वाले मरीजों को गुमराह करने में लगे रहते हैं। इन्हीं मरीजों में कई ऐसे भी होते हैं जो धन संपन्न होने के कारण अपना मेडिकल इलाज भी कराते रहते हैं साथ ही अपने विश्वास के अनुरूप अन्य तरीके के इलाज भी करते रहते हैं। दरअसल आज भी देश का एक बड़ा वर्ग जोकि ज्यादा पढ़ा-लिखा नहीं है, जिसके कारण मरीज अक्सर डॉक्टर से सलाह लेने के बजाय हर्बल नुस्खों का सहारा लेते हैं।" परन्तु ऐसे मामलों में दिक़्क़त तब खड़ी हो जाती है जब एलोपैथी के ईलाज से स्वास्थ्य लाभ पाने वाला मरीज अपने आरोग्य लाभ का श्रेय एलोपैथी प्रणाली या मेडिकल साइंस को देने के बजाये अन्य देसी इलाजों या उपायों अथवा प्रकृतिक स्रोतों को देने लगता है। खासकर समाज के लिये उस समय असमंजस्य की स्थिति उत्पन्न हो जाती है जब इस तरहके दावे किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति, जनप्रतिनिधि अथवा यशस्वी व्यक्ति द्वारा किये जायें।

उदाहरण के तौर पर पिछले दिनों पूर्व क्रिकेटर व कांग्रेस के नेता नवजोत सिंह सिद्धू द्वारा अपने अमृतसर स्थित आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर यह दावा किया गया कि -'उनकी पत्नी नवजोत कौर सिद्धू जोकि खुद भी एक डॉक्टर हैं, ने अपने आहार में कुछ चीजें शामिल करके स्टेज चार के लाईलाज कैंसर जैसे मर्ज पर काबू पा लिया है। सिद्धू ने यह घोषणा की कि उनकी पत्नी अब कैंसर से मुक्त हो चुकी हैं। सिद्धू के अनुसार चूंकि उनकी पत्नी के आहार में नींबू पानी, कच्ची हल्दी, सेब का सिरका, नीम की पत्तियां, तुलसी, कद्दू, अनार, आंवला, चुकन्दर और अखरोट जैसी चीजें शामिल थीं, जिससे वह स्वस्थ हो गईं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में किये गये सिद्धू के इन दावों के बाद से ही यह सवाल उठने लगा था कि क्या कच्ची हल्दी, नींबू पानी और नीम की पत्तियों जैसी साधारण आयुर्वेदिक चीजों से भी कैंसर जैसे मर्ज से मुक्ति पाई जा सकती है? सिद्धू की इस आत्मविश्वास पूर्ण प्रेस वार्ता के बाद सोशल मीडिया पर सिद्धू के दावों को लेकर बहस छिड़ी तो आखिरकार टाटा मेमोरियल अस्पताल मुंबई के 262 कैंसर विशेषज्ञों समेत अनेक पूर्व कैंसर विशेषज्ञों को सामने आना पड़ा। इन सभी कैंसर विशेषज्ञों ने सिद्धू के दावों से पूरी तरह असहमति जताई और कहा कि इन बयानों का समर्थन करने का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। इन कैंसर विशेषज्ञों ने लोगों से अपील भी की कि वे अप्रमाणित उपचारों का पालन न करें और अपने इलाज में देरी न करें। बल्कि, यदि किसी को अपने शरीर में कैंसर के कोई भी लक्षण महसूस होते हैं, तो उनको डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

# बयानवीरों के वक्तव्यों से उजागर होती मानसिकता

-डा. रवीन्द्र अरजरिया-

वातावरणीय ठंडक में गर्मागर्म संदेश प्रसारित किये जा रहे हैं। विकास के मुद्दों से भटक कर निजी लाभके अवसर तलाशे जाने लगे हैं। दलगत विचारधारा पर निजी महात्वाकांक्षा हावी होती जा रही है। कहीं नागरिकों के रागात्मक पक्षों को प्रभावित करने के प्रयास हो रहे हैं तो कहीं राजनैतिक गठबंधनों की एकजुटता में दरारें पैदा की जा रहीं हैं। सत्ता के गलियारे में प्रवेश पाने के लिए सिध्दान्तों को उल्टा-सीधा करने वाले दल अब नये पैतरे आजमाने में जुट गये हैं। इण्डिया गठबंधन के घटक दलों को हरियाणा, महाराष्ट्र के चुनावी परिणामों ने आत्म समीक्षा करने के लिए बाध्य कर दिया है। पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को गठबंधन का नेतृत्व स्वीकारने हेतु भूमिका लिखना शुरू कर दी थी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे के नेतृत्व के साथ दोहरी जिम्मेदारी संभालने में सक्षम है, मैंने ही इण्डिया गठबंधन का गठन किया था। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यदि अवसर दिया गया तो मैं इसका सुचारु रूप से संचालन करूंगी। यह वक्तव्य आते ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचन्द्र पवार) के मुखिया ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की मंशा का स्वागत करते हुए कहा कि ममता बनर्जी का रुख आक्रामक है। उन्होंने कई लोगों को खडा किया है। उन्हें ऐसा कहने का पूरा अधिकार है। ममता बनर्जी में इण्डिया गठबंधन का नेतृत्व करने की क्षमता है। समाजवादी पार्टी ने भी तृणमूल कांग्रेस की मुखिया की बात का समर्थन किया। पार्टी के नेता उदयवीर सिंह ने कहा कि वे एक वरिष्ठ नेता हैं, उनके पास बहुत अनुभव है और वे सक्षम हैं। हमारी पार्टी के उनके साथ संबंध अच्छे हैं और हमें उनके नेतृत्व पर भरोसा है। जबकि राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने अपने सुप्रीमो लालू यादव को गठबंधन का नेता बनाये जाने की वकालत की। श्री तिवारी ने कहा कि बीजेपी के खिलाफ विपक्षी गठबंधन के असली आर्किटेक्ट तो लालू प्रसाद यादव हैं, जिनकी पहल पर ही पटना में इण्डिया गठबंधन की पहली बैठक हुई थी। इन वक्तव्य श्रंखलाओं के मध्य कांग्रेस के इमरान मसूद ने कहा कि ममता जी एक बडी नेता के रूप में हैं परन्तु राहुल गांधी के अलावा देश में कोई नेतृत्व करने की स्थिति में नहीं है। वहीं कांग्रेस की सांसद वर्षा गायकवाड ने कहा कि उनके कहने से उनकी पार्टी चलती है, हम तो कांग्रेस के कहने पर चलते हैं। वास्तविकता तो यहा कि भाजपा का मुकाबला करने के लिए दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों ने इण्डिया गठबंधन तैयार किया था किन्तु हाल में सम्पन्न हुए चुनावों के परिणामों से लेकर नेताओं की अपनी महात्वाकांक्षाओं तक के समुच्चय ने इसमें दरार डालना शुरू कर दिया है। राजनैतिक गलियारे में ममता के बयान से पिघलते राजनैतिक लावे को ठंडा करने की गरज से एक दिन बाद ही तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुनाल घोष ने अपनी नेता के बयान को तोडमरोड कर पेश करने का आरोप लगाते हुए एक बार फिर मीडिया को कटघरे में खडा कर दिया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी का फोकस पूरी तरह से पश्चिम बंगाल के विकास और जनता के कल्याण पर है अगर इण्डिया गठबंधन उनसे नेतृत्व की मांग करता है, तो वह कोलकता से ही नेतृत्व करेंगी। उन्हें दिल्ली आने की कोई जरूरत नहीं है। वाक्य संदेशों के माध्यम से चल रहे इण्डिया गठबंधन के आन्तरिक युध्द में शिवसेना (उध्दव बालासाहेब ठाकरे) ने एक अलग ही मोर्चा खोल दिया। पार्टी के एमएलसी मिलिंद नार्वेकर ने विध्वंस होती बाबरी मस्जिद की फोटो के साथ शिवसेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे का वक्तव्य सोशल मीडिया के एक्स प्लेटफार्म पर पोस्ट किया जिसमें लिखा हुआ था कि मुझे उन लोगों पर गर्व है, जिन्होंने यह किया है।

# दिल्ली चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा?

-ललित गर्ग-

भाजपा ने यह भी तय किया है कि दिल्ली की जनता को बताया जाएगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके साथ वादाखिलाफी की है, वे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सड़कों की स्थिति में सुधार का वादा करके उन्हें जर्जर करते रहे हैं। भाजपा का मानना है कि मोदी सरकार की योजनाएं देशभर में सफलता प्राप्त कर रही हैं और इन्हें दिल्ली में लागू किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली में हमेशा मिडिल और हाई मिडिल क्लास के लोगों की पार्टी माना जाता है। इसमें व्यापारिक समुदाय इसके कट्टर समर्थक हैं। लेकिन इस बार निचले तबको एवं गरीब लोगों के बीच उसे प्रभावी प्रयास करने होंगे।

दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए फरवरी 2025 या उससे पहले चुनाव होने की संभावनाओं को देखते हुए राजनीतिक हलचलें एवं सरगर्मियां उग्र हो गयी है। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने की तैयारी में जुट गई है। वहीं, भाजपा और कांग्रेस इस बार सत्ता में वापसी की तैयारी में जुटी है। भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दूसरे प्रांतों की ही भांति बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के लड़ने का मन बना चुकी है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी का मानना है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली में भाजपा के पास एक से एक मजबूत नेता हैं, लेकिन इनमें से कोई भी नेता मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी के लिए पेश नहीं किया जा रहा है। भाजपा दिल्ली में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके से चुनावी तैयारियों में जुट चुकी है, वही कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को हासिल करने के लिये जद्दोजहद करती हुई दिखाई दे रही है। निश्चित ही इस बार का दिल्ली चुनाव आक्रामक एवं संघर्षपूर्ण त्रिकोणात्मक होगा। आप, कांग्रेस एवं भाजपा की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा, यह भविष्य के गर्भ है।

दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। तब भाजपा को दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रस्तुत करने से कोई बड़ा लाभ नहीं हुआ। इसके बजाए, भाजपा अब चुनावी रणनीतियों में बदलाव कर रही है और अपनी शक्ति को पार्टी संगठन और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी लोककल्याणकारी योजनाओं के बल पर मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली भाजपा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में केंद्र सरकार के काम और योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि दिल्ली के लोग इससे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, खासकर जब बात विकास, सुरक्षा, चिकित्सा और शिक्षा जैसे मुद्दों की हो। अगर भाजपा बिना किसी प्रमुख चेहरे के चुनाव लड़ती है तो यह असमंजस की स्थिति बनने की संभावनाएं तो पैदा कर ही सकती हैं। दूसरी ओर, यह फैसला एक रणनीतिक कदम हो सकता है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा का इस्तेमाल करके अन्य प्रांतों की भांति दिल्ली में भी चमत्कार घटित हो सकता है।

भाजपा ने यह भी तय किया है कि दिल्ली की जनता को बताया जाएगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके साथ वादाखिलाफी की है, वे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सड़कों की स्थिति में सुधार का वादा करके उन्हें जर्जर करते रहे हैं। भाजपा का मानना है कि मोदी सरकार की योजनाएं देशभर में सफलता प्राप्त कर रही हैं और इन्हें दिल्ली में लागू किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली में हमेशा मिडिल और हाई मिडिल क्लास के लोगों की पार्टी माना जाता है। इसमें व्यापारिक समुदाय इसके कट्टर समर्थक हैं। लेकिन इस बार निचले तबको एवं गरीब लोगों के बीच उसे प्रभावी प्रयास करने होंगे। यह तो दिखता हुआ सच है कि दिल्ली में आप शासन में विकास अवरूद्ध हुआ है, पर्यावरण की समस्या उग्रतर हुई है, आप नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे एवं उनके नेता जेल यात्राएं की है। ऐसे अनेक गंभीर आरोपों के साथ भाजपा आप और उसके नेताओं पर आक्रमक होकर चुनावी परिदृश्यों को बदल सकती है।

भाजपा ने कमर कस ली है और उसके नेता लगातार जनता के बीच जाकर बदलाव की अपील कर रहे है। इसके तहत इन दिनों जहां परिवर्तन सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, वहीं अगले हफ्ते से पूरी दिल्ली में परिवर्तन यात्राएं भी निकाली जाएंगी। इन यात्राओं के माध्यम से आम मतदाताओं से निजी तौर पर मिलते हुए, उनसे बात करते हुए उनको पार्टी के साथ जोड़ा जायेगा। उनके दुःख-दर्द को सुना जायेगा। भाजपा का इतिहास रहा है कि वह आम जन तक पहुंचने के लिए ऐसी यात्राएं निकालती रही है एवं व्यक्तिगत संवाद स्थापित करती रही है। भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली में एक भ्रष्ट सरकार चल रही है लेकिन अब तो रंगदारी, वसूली, फिरौती और आम नागरिकों के बीच डर पैदा करने की भी कोशिश की जा रही है। इसके चलते दिल्ली की जनता अब सत्ता परिवर्तन के मूड में है और देशविरोधी मानसिकता वाली सरकार को इस बार विधानसभा से उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। देखना है कि भाजपा के इन आरोपों का जनता पर कितना असर होता है।

निश्चित ही दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जमीन अभी भी मजबूत है। इसीलिये 2025 के चुनाव कांग्रेस एवं भाजपा के लिये चुनौतीपूर्ण होने वाले है। 2020 में हुआ विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें जीती थीं। वहीं भाजपा को महज 8 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस का लगातार दूसरी बार दिल्ली से सफाया हो गया था। इस बार के चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उसके बाद आतिशी मालेर्ना राज्य की मुख्यमंत्री बनी हैं। आप नेताओं ने चुनाव अभियान प्रारंभ कर दिया है। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन न करने का फैसला किया है। आप ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में भारी अंतर से जीत हासिल की है। आप के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि आप इस चुनाव में भी आसानी से जीत की ओर बढ़ रही हैं। इन स्थितियों में आप क्यों कांग्रेस या अन्य पार्टी के साथ गठबंधन करें? आप अभी भी निम्न-मध्यम वर्ग और झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाकों में काफी लोकप्रिय है।

आप का वोट शेयर पहले की तुलना में बढ़ा है और कांग्रेस कमजोर हुई है। हालांकि, 2013 में अपने पहले चुनाव के बाद से आप का वोट शेयर लगातार बढ़ता रहा। जबकि पिछले दशक में कांग्रेस को वोट देने वालों की संख्या में काफी कमी आई है। आप ने 2013 में अपने आश्चर्यजनक प्रदर्शन के साथ, कुल मतदान का 29 प्रतिशत वोट प्राप्त किया था। पार्टी को 70 में से 28 सीटों पर जीत मिली थी। आप ने कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाई थी। इससे कांग्रेस का वोट शेयर घटकर 24.5 प्रतिशत और सिर्फ आठ सीटों के साथ तीसरे स्थान पर आ गई थी। इसके बाद 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का वोट शेयर क्रमशः 9.7 प्रतिशत और 4.3 प्रतिशत तक गिर गया। वहीं, आप ने 54.6 प्रतिशत और 53.6 प्रतिशत वोट शेयर के साथ भारी जनादेश हासिल किया। लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एवं आप के बीच गठबंधन न होने का फायदा भाजपा को मिलता हुआ दिख रहा है। असल में आप के वोट कांग्रेस ही काटेगी।

कांग्रेस एक पुरानी राजनीतिक पार्टी है, जिसका दिल्ली में व्यापक जनाधार रहा है। लेकिन वह ह्यजीतह्ण और ह्यगठबंधनह्ण की मृगमरीचिका में भटकती रही है, अपनी स्वतंत्र पहचान को खोती रही है। आखिर कमजोर सियासी बैशाखियों के सहारे वह कैसे जीत को सुनिश्चित कर सकती है? कांग्रेस की एक ओर बड़ी विडम्बना है कि वह जरूरी मुद्दों को उठाने की बजाय मोदी-विरोध का ही राग अलापती रही है। मुद्दों के बियाबान में भटकती और फिर स्टैंड बदलती नजर आती है तो इसके केन्द्रीय नेतृत्व एवं रणनीतिकारों पर तरस आती है।

# दुनिया में भारत की बढ़ती अहमियत

-डा. जयंतीलाल भंडारी-

यकीनन दुनिया में भारत की आर्थिक अहमियत बढ? के एक के बाद एक नए-नए परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहे हैं। पिछले माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 से 21 नवंबर तक ब्राजील, नाइजीरिया और गुयाना के पांच दिवसीय दौरे के दौरान जहां जी-20 शिखर सम्मेलन में भुखमरी और गरीबी के खिलाफ एकजुटता विषय पर प्रभावी संबोधन दिया, वहीं नाइजीरिया और गुयाना पहुंचकर इन देशों के साथ व्यापार बढ़ाने की सार्थक वार्ताएं की। यह भी महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, ब्राजील, सिंगापुर, इंडोनेशिया, पुर्तगाल, नॉर्वे और स्पेन समेत कई देशों के नेताओं के साथ की गई 31 द्विपक्षीय और अनौचारिक वार्ताओं में भारत का रणनीतिक महत्व उभरकर दिखाई दिया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी भारत के वैश्विक व्यापार और निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर विदेश दौरों में द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की रणनीति लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। खास तौर से पिछले छह महीनों में इस रणनीति से द्विपक्षीय व्यापार के अच्छे अध्याय दिखाई दिए हैं। गत 13 से 15 जून को इटली में विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष आमंत्रित देश के रूप में भारत की अहमियत दिखाई दी है। इस मौके पर सम्मेलन में शामिल प्रमुख देशों के राष्ट्र प्रमुखों के साथ भारत की द्विपक्षीय वार्ताएं लाभप्रद रही हैं।

रत के लिए सबसे ठोस लाभ जी-7 की उस प्रतिबद्धता से उपजा, जिसमें कहा गया कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को बढ़ावा दिया जाएगा। इस गलियारे के निर्माण की घोषणा गत वर्ष 2023 में भारत में जी-20 शिखर बैठक के समय की गई थी। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि गत 9 जुलाई को 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में मास्को में भारत और रूस के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की समीक्षा के बाद भारत और रूस ने द्विपक्षीय कारोबार को 2030 तक 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने, व्यापार में संतुलन लाने, गैर-शुल्क व्यापार बाधाओं को दूर करने और यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू)-भारत मुक्त व्यापार क्षेत्र की संभावनाएं तलाशने का लक्ष्य रखा है। दोनों देशों ने राष्ट्रीय मुद्रा का इस्तेमाल कर एक द्विपक्षीय निपटान प्रणाली स्थापित करने और पारस्परिक निपटान प्रक्रिया में डिजिटल वित्तीय उपकरणों को लाने की योजना बनाने की बात कही है। यह बात महत्वपूर्ण है कि मोदी ने जहां 21 सितंबर को अमेरिका में आयोजित क्वाड लीडर्स सम्मेलन में भाग लेकर इस संगठन की भारत के लिए उपयोगिता बढ़ाई, वहीं 22 सितंबर को न्यूयार्क में मोदी और जो बाइडेन के बीच हुई बातचीत में कोलकाता में एक सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित करने का करार हुआ है। इसी प्रकार 10 अक्टूबर को लाओस के वियनतियाने में आयोजित आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में आसियान देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक के बाद जो बयान जारी किया है, उसके मुताबिक ये देश इस समूचे क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रमकता से असहज और परेशान हैं तथा भारत के साथ आर्थिक, कारोबारी व सुरक्षा संबंधों का नया दौर आगे बढ़ाएंगे। उल्लेखनीय है कि रूस के कजान में 22 से 24 अक्टूबर तक आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का भारत ने रणनीतिक लाभ लिया। भारत और चीन के बीच पांच साल बाद अहम द्विपक्षीय वार्ता हुई। मोदी ने इस वार्ता के बाद कहा कि भारत और चीन के बीच संबंध महत्वपूर्ण हैं। निःसंदेह दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा और भारत का रणनीतिक महत्व लगातार बढ़ रहा है। 22 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी ने जर्मनी के स्टटगार्ट में आयोजित ह्यन्यूज-9 ग्लोबल समिटह्ण को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये संबोधित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया भारत के रणनीतिक महत्व को स्वीकार कर रही है और यह पिछले 10 वर्षों में अपनाए गए ह्यसुधार, प्रदर्शन और परिवर्तनह्ण मंत्र के कारण संभव हुआ है। 21वीं सदी में तीव्र विकास के लिए भारत में प्रगतिशील और स्थिर नीति-निर्माण की व्यवस्था लाई गई, लालफीताशाही हटाई गई एवं जीएसटी (माल एवं सेवा कर) के रूप में एक कुशल कर प्रणाली शुरू की गई है। भारत ने बैंकों को मजबूत किया, ताकि विकास के लिए समय पर पूंजी उपलब्ध हो सके।

मोदी ने कहा कि देश के तेज विकास के लिए भौतिक, सामाजिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाया गया है। वस्तुतः जर्मनी का ह्यफोकस ऑन इंडियाह्ण दस्तावेज इसका एक उदाहरण है। यह दस्तावेज दिखाता है कि दुनिया भारत के रणनीतिक महत्व को कैसे स्वीकार कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी ने इस वर्ष 25 वर्ष पूरे कर लिए हैं। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज हाल ही में अपनी तीसरी भारत यात्रा पर आए थे, जो दोनों देशों के प्रगाढ़ संबंधों को दशार्ता है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि अब भारत को आर्थिक दुनिया की नई शक्ति के रूप में देखा जा रहा है। जहां अमेरिका और रूस भारत को एक जैसा महत्व दे रहे हैं, वहीं सभी महत्वपूर्ण वैश्विक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत मिल रही है। जहां डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति का चुनाव जीतने के बाद भारत से मित्रता बढ़ाने की बात कही है, वहीं 10 नवंबर को रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने भारत के बढ़ते आर्थिक कद को स्वीकार करते हुए भारत को वैश्विक महाशक्ति कहा और भारत से मैत्रीपूर्ण संबंधों की जमकर तरफदारी की है। निश्चित रूप से ट्रंप का राष्ट्रपति बनना भारत के लिए रणनीतिक रूप से फायदेमंद है। आगामी जनवरी 2025 में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से ऊर्जा की कीमतों पर लगाम लगेगी और ऐसे में भारत की जीडीपी में तेज वृद्धि होगी। माना जा रहा है कि राष्ट्रपति की कुर्सी संभालने के बाद ट्रंप चीन पर 60 फीसदी तक टैरिफ शुल्क बढ़ा सकते हैं। ट्रंप प्रशासन के तहत चीन के साथ व्यापार युद्ध (ट्रेड वार) के तेज होने के आसार हैं। चूंकि अमेरिका के कुल आयात में चीन की हिस्सेदारी करीब 14 फीसदी है, ऐसे में अमेरिका में चीन से आयात में कमी आने से अमेरिका के बाजार में भारत से निर्यात बढ़ाने का बड़ा मौका मिलेगा।

# ममता के मन और है, जनता के मन और

-राकेश अचल-

हाल के आम चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगियों के दांत खट्टे करे वाले आईएनडीआईए गंठबंधन में भी खटास पैदा होती दिखाई दे रही है। संसद के शीत सत्र में इंडिया गठबंधन के घटक दल बिखरे -बिखरे नजर आ रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो सुश्री ममता बनर्जी के मन की बात तो ओठों तक आए ही गयी। वे विपक्षी गठबंधन को नेतृत्व देने के लिए लालायित है, कोई उनसे कह भर दे।

देश में लगातार क्षीण हो रही कांग्रेस और चारों दिशाओं में बिखरे विपक्षी दलों को एकजुट करने में मिली कामयाबी एक साल में ही दम तोड़ती नजर आ रही है। विपक्षी एकता की धुरी कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की क्षमताओं को लेकर सवाल खड़े किये जाने लगे है। इसका सीधा अर्थ है कि इंडिया गठबंधन के दलों में राहुल की नेतृत्व क्षमता पर यकीन कम हो रहा है। ऐसे में यदि राहुल ने अपने आपको न बदला तो आईएनडीआईए गठबंधन की नीति और नेता दोनों बदल सकते हैं। बदलाव की मांग बंगाल से भी उठती दिखाई दे रही है और महाराष्ट्र से भी।

आम चुनाव में मिली सफलता के बाद आईएनडीआईए गठबंधन के नेता हवा में उड़ने लगे थे, लेकिन पहले हरियाणा और जम्मू-कश्मीर और बाद में झारखण्ड और महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों के नतीजों ने विपक्षी गठबंधन की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। एक बार ये बात फिर प्रमाणित हो गयी कि सब कुछ होने के बावजूद आईएनडीआईए गतहबंधन के पास भाजपा को रोकने की कोई प्रभावी रणनीति नहीं है। वो आक्रामकता भी नहीं है जो भाजपा को सबक सीखा सके। भाजपा ने जिस तरह से हरियाणा में विपक्ष के सामने परोसी हुई सत्ता की थाली छीन ली उसी तरह से महाराष्ट्र में भी विपक्षी गठबंधन का सीराजा फैला दिया।

आईएनडीआईए गठबंधन ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस को भाव नहीं दिया, तो बंगाल में ममता बनर्जी ने। पंजाब में आम आदमी पार्टी ने मिलकर चुनाव नहीं लड़ा तो बिहार में भी गठबंधन के प्रमुख दल आरजेडी को हार का मुंह देखना पड़ा। विधानसभा उपचुनावों के नतीजे आने के बाद संसद के शीत सत्र में भी विपक्षी एकता कमजोर ही नजर आई। अडानी मामले पर कांग्रेस के बहिर्गमन का साथ न तृमूकां ने दिया और न समाजवादी पार्टी ने। समाजवादी पार्टी के नेता ने तो यहां तक कह दिया कि राहुल गांधी कांग्रेस के नेता हैं हमारे नेता नहीं।

हाल के घटनाक्रम से इस बात के संकेत साफ मिल रहे हैं कि विपक्षी घटक दल राहुल के नेतृत्व में आगे का सफर तय करने के लिए तैयार नहीं है। बहुत से घटक दलों के लिए जिस आक्रामकता की दरकार विपक्ष को है वो तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी में दिखाई दे रही है। ?न सीपी के शरद पंवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले भी ममता के नेतृत्व को स्वीकार करने के मूड में नजर आ रहे है। महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में राहुल के साथ मिलाकर चुनाव लड़ी एनसीपी चुनाव नतीजों से नाखुश है। नाखुश तो शिव सेना -उद्धव गुट भी है। आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी के सुर पहले से ही बदले -बदले सुनाई दे रहे हैं।

इंडिया गठबंधन के नेतृत्व पर सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी चाहती है कि . गठबंधन जारी रहे और साथ मिलकर चुनाव लड़े। गठबंधन के नेता अभी खरगे साहब हैं। महाराष्ट्र में सपा के एमवीए छोड़ने पर उन्होंने कहा कि वहां के लोगों की ओर से जिस तरह के बयान दिए जा रहे हैं, वह नहीं दिए जाने चाहिए। महाराशिवसेना उद्धव ठाकरे गुट की ओर से छह दिसंबर के अयोध्या विध्वंस की घटना का समर्थन किए जाने को लेकर महा विकास अघाड़ी में हलचल बढ़ गई है। समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र प्रमुख और विधायक अबु आसिम आजमी ने गठबंधन के प्रमुख घटक शिवसेना (यूबीटी) के अयोध्या में 6 दिसंबर बाबरी विध्वंस की घटना का समर्थन किए जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि महाविकास अघाड़ी में यह लोग कांग्रेस, एनसीपी और सपा के साथ आने के बाद कह रहे थे कि वह सेकुलर हो गए हैं। अबु आजमी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव रिजल्ट का जिक्र करते हुए कहा कि जब वे चुनाव हार गए तो फिर वही पुरानी बातें दोहराने लगे हैं। अगर ऐसा ही रहा तो महाविकास अघाड़ी आगे चल नहीं पाएगा।

भाजपा और प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी के प्रति लगातार हमलावर रहे पूर्व राजयपाल सत्यपाल मलिक भी राहुल गांधी के नेतृत्व से हताश नजर आ रहे हैं। मलिक ने भी राहुल के बजाय गतहबंधन के नेतृत्व के लिए ममता बनर्जी के नाम का समर्थन किया है। मलिक चाहते हैं कि इण्डिया गठबंधन को ममता बनर्जी को नेतृत्व का मौका देना चाहिये। शरद पंवार भी दबी जुबान में ममता के नाम पर सहमत नजर आ रहे हैं। मुझे लगता है कि इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के तमाम घटक दल संसद का शीत सत्र समाप्त होते ही अंतिम फैसला ले लेंगे। इस मुद्दे पर कांग्रेस ने अभी मौन साध रखा है।

विपक्षी खेमे में मन मुटाव भाजपा के लिए जीवनदान देने वाला हो सकता है, किन्तु एक बात ये भी है कि ममता बनर्जी को राहुल गांधी की तरह पूरब से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण तक जन समर्थन मिलने वाला नहीं है। वे जुझारू हैं किन्तु उनकी कोई राष्ट्रीय अपील नहीं है। हिंदी पट्टी में तो छोड़िये दक्षिण में भी कोई उनके साथ आसानी से चलने को राजी हो जाएगा , ये कहना कठिन है। ममता बनर्जी ने बंगाल में तो अभी तक भाजपा को पांव नहीं जमाने दिए हैं लेकिन वे पूरे देश को बंगाल की तरह भाजपा के लिए चुनौती में बदल देंगी, इसमें मुझे संदेह है। जो भी है विपक्ष का बिखराव देश के लोकतंत्र की सेहत के लिहाज से ठीक नहीं है। देश के हिन्दूकरण को रोकने के लिए विपक्ष ने यदि दरियादिली से अपना नया नेता न चुना तो इसकी बहुत बड़ी कीमत सभी को चुकाना होगी। कांग्रेस के लिए ये आत्मनिरीक्षण का सही समय है। उसे तय करना है कि वो सकल विपक्ष के दबाब में क्या राहुल गांधी के नेतृत्व को खारिज कर सकती है या उसे राहुल पर ही भविष्य की राजनीति करना है?

आपको ८ॉ होगा कि एक जमाने में समाजवादी सियासत के झंडावरदार मने जाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आम चुनाव से ठीक पहले इंडिया गठबंधन से जान छुड़ाकर भाजपा में शरणागत हो गए थे। जेपी आंदोलन कि पैदाइश नितीश कुमार को प्रधानमंत्री के सामने दंडवत करते हुए पूरे देश ने देखा है। जाहिर है कि वे अब भाजपा के लिए कोई चुनौती नहीं रहे। शरद पंवार भी उम्रदराज हो चुके है। अखिलेश यादव अभी भी उत्तर प्रदेश में उलझे हैं। एक राहुल गांधी हैं जिन्होंने पूरा देश पैदल नापा है। उमके सामने पहचान का कोई संकट नहीं है। उनका असल संकट अपने नेतृत्व को प्रामाणिक न बना पाने का है। ये चुनौती कांग्रेस कि भी है कि वो राहुल के पीछे चले या और कोई नेता तलाश ले? नेतृत्व के संकट से भाजपा को छोड़ आज सभी दल जूझ रहे हैं। जनता के मन में कौन है ये जानने की कोशिश कोई नहीं कर रहा`

# सीरियाई राष्ट्रपति देश छोड़कर भागे, सेना बोली- उनकी सत्ता खत्म

## विद्रोही राजधानी दमिश्क पहुंचे, पीएम सत्ता सौंपने को तैयार, टैंकों पर चढ़कर जशन मना रहे लोग

**दमिश्क, एजेंसी।** सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़कर भाग चुके हैं। सेना ने असद के देश छोड़ने की पुष्टि करते हुए कहा कि देश में राष्ट्रपति की सत्ता खत्म हो चुकी है। सीरिया में पिछले 11 दिनों से विद्रोही गुटों और सेना के बीच कब्जे के लिए लड़ाई चल रही थी। विद्रोही लड़ाके राजधानी दमिश्क में घुस चुके हैं। सीरियाई पीएम ने विद्रोहियों को सत्ता सौंपने का प्रस्ताव दिया है। क्रूमोहम्मद गाजी अल जलाली ने एक रिकॉर्डिंग में कहा है कि वो देश में ही रहेंगे और जिसे भी सीरिया के लोग चुनेंगे उसके साथ मिलकर काम करेंगे।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में विद्रोहियों ने सीरिया के चार बड़े शहरों पर कब्जा कर लिया है। इनमें अलेप्पो, हमा, होम्स और दारा शहर शामिल है। विद्रोही लड़ाके राजधानी दमिश्क में दारा शहर की तरफ से घुसे हैं, जिस पर उन्होंने 6 दिसंबर को कब्जा किया था। दारा वही शहर है, जहां से 2011 में राष्ट्रपति बशर अल-असद के खिलाफ विद्रोह की शुरुआत हुई थी और पूरे देश में जंग छिड़ गई थी। दारा से राजधानी दमिश्क की दूरी करीब 100 किमी है। यहां स्थानीय विद्रोहियों ने कब्जा किया है। वहीं, अलेप्पो, हमा और होम्स इस्लामी चरमपंथी ग्रुप हयात तहरीर अल-शाम की गिरफ्त में है। संघर्ष की वजह से




अब तक 3.70 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है।

**असद ने 11 दिन में सत्ता गवाई :** सीरिया में 27 नवंबर को सेना और सीरियाई विद्रोही गुट हयात तहरीर अल शाम (॥ङ्गस्) के बीच 2020 की सीजफायर के बाद फिर संघर्ष शुरू हुआ था। इसके बाद 1 दिसंबर को विद्रोहियों ने सीरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो पर कब्जा कर लिया। इसे राष्ट्रपति बशर अल असद ने सीरिया की जंग के दौरान 4 साल की लड़ाई के बाद जीता था। अलेप्पो जीतने के 4 दिन बाद विद्रोही गुटों ने एक और बड़े शहर हमा और फिर दक्षिणी शहर दारा पर कब्जा कर लिया। इसके बाद राजधानी दमिश्क को दो दिशाओं से घेर लिया है। दारा और राजधानी दमिश्क के बीच सिर्फ 90 किमी की दूरी है। इस तरह असद ने सिर्फ 11 दिन के भीतर अपनी सत्ता गवां दी और सीरिया पर असद परिवार के 50 साल का शासन खत्म हुआ।

अमेरिकी मीडिया हाउस सीएनएन के मुताबिक विद्रोही बशर अल असद को खोजने में जुटे हैं। वे सीरियाई सेना के अधिकारियों और इंटेलिजेंस अफसरों से पूछताछ कर रहे हैं। दमिश्क पर विद्रोहियों के कब्जे के बाद से असर और उनके परिवार को लेकर कोई जानकारी नहीं है। हालांकि, कुछ रिपोर्टस में दावा किया गया है कि वे रूस जा चुके हैं।

**असद परिवार के 50 साल के शासन का अंत :** साल 2000 में हाफिज की मौत के बाद बशर ने सीरिया की सत्ता संभाली। इसके बाद से बशर सीरिया के राष्ट्रपति थे। 2011 में जब मिडिल ईस्ट में अरब क्रांति की शुरुआत हुई तब सीरिया में भी असद के खिलाफ विद्रोह शुरू हुए, जिन्हें बेरहमी से कुचल दिया गया। इसके बाद वहां गृह युद्ध की शुरुआत हुई। अब बशर के देश छोड़ने के बाद विद्रोहियों ने वीडियो जारी कर कहा कि देश में असद परिवार के काले युग का अंत हो गया है। हम देश में नए युग की शुरुआत की घोषणा करते हैं।

**ट्रम्प बोले- सीरिया की लड़ाई से हमारा लेना देना नहीं :** सीरिया में विद्रोही गुट हयात तहरीर अल शाम और सेना की बीच टकराव लगातार बढ़ता जा रहा है। विद्रोही अब तक सीरिया के तीन प्रमुख शहरों पर कब्जा कर चुके हैं। इसे लेकर डोनाल्ड ट्रम्प ने बयान जारी कहा है कि अमेरिका को सीरिया की लड़ाई में शामिल नहीं होना चाहिए। एक्स पोस्ट में ट्रम्प ने कहा- सीरिया में तबाही मची हुई है, लेकिन वो हमारा दोस्त नहीं है। अमेरिका का इससे कोई लेना-देना नहीं होना चाहिए। यह हमारी लड़ाई नहीं है। इसे चलने दो। अगर रूस को सीरिया से बाहर जाने के लिए मजबूर किया गया तो ये उसके लिए फायदे की बात हो सकती है, क्योंकि वहां उसका कोई खास फायदा नहीं है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ईरान ने शुक्रवार से सीरिया से अपने सैन्य कमांडरों, रिवोल्यूशनरी गार्ड से जुड़े लोगों, राजनयिक कर्मचारियों और उनके परिवारों को निकालना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट में ईरानी अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि ईरान पहले की तरह असद सरकार का साथ देने में असमर्थ है। अधिकारी ने बताया कि दमिश्क में रह रहे विशेष कर्मचारियों को विमानों से तेहरान लाया जा रहा है। जबकि बाकियों को जमीनी रास्ते से लताकिया बंदरगाह जा रहे हैं जहां से वे ईरान पहुंचेंगे।


## विदेश मंत्री जयशंकर मनामा डायलॉग में भाग लेने के लिए बहरीन पहुंचे



**मनामा, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर मनामा डायलॉग में भाग लेने के लिए मनामा बहरीन पहुंचे. जयशंकर का स्वागत बहरीन के विदेश मंत्री ने किया. वह रविवार और सोमवार को बहरीन में रहेंगे. इस दौरान महत्वपूर्ण मुद्दों पर समकक्षों के साथ चर्चा करेंगे. जयशंकर ने एक्स पर इस संबंध में जानकारी दी. इसमें उन्होंने कहा, आज शाम मनामा पहुंचकर बहुत प्रसन्न हूं. अपने भाई विदेश मंत्री डॉ. अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल जायनी से मिलकर बहुत अच्छा लगा. मनामा वार्ता में शामिल होने को लेकर उत्साहित हूं. मुझे विश्वास है कि यह वार्ता सार्थक होगी. विदेश मंत्री अपनी यात्रा के दूसरे चरण के तहत बहरीन की यात्रा कर रहे हैं. वे 8 से 9 दिसंबर तक बहरीन में रहेंगे, जहां वे बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल जायनी के साथ चौथे भारत-बहरीन उच्च संयुक्त आयोग की सह-अध्यक्षता करेंगे. इस मंत्रिस्तरीय बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के पहलुओं की समीक्षा की जाएगी. साथ ही दोनों देशों के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने की दिशा में वार्ता की जाएगी. विदेश मंत्री 8 दिसंबर को बहरीन में आईआईएसएस मनामा वार्ता के 20वें संस्करण में भी भाग लेंगे. इस वर्ष की मनामा वार्ता का विषय है क्षेत्रीय समृद्धि और सुरक्षा को आकार देने में मध्य पूर्व नेतृत्व. भारत और बहरीन के बीच सौहार्दपूर्ण राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच संपर्कों की विशेषता वाले उत्कृष्ट द्विपक्षीय संबंध हैं. दोनों देशों के बीच कई उच्च स्तरीय बातचीत हुई है जो दोनों देशों के बीच संबंधों की निकटता को दर्शाती है. विदेश मंत्रालय ने कहा कि बहरीन भारत के साथ अधिक आर्थिक जुड़ाव की तलाश में है क्योंकि बहरीन बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के महत्व और क्षमता को पहचानता है और हाल के दिनों में इसकी पूर्व की ओर देखो नीति में भारत एक प्रमुख धुरी के रूप में है. दोनों देशों के बीच सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सहयोग है. दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंध भी बढ़ रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटेन में तूफान का कहर, हजारों घरों में बिजली गुल, रेल सेवा बाधित, उड़ानें रद्द



**लंदन, एजेंसी।** तूफान दर्राघ के कारण शनिवार को ब्रिटेन में हजारों घरों में बिजली गुल हो गई, रेल-हवाई यात्रा बाधित हुई और खेल कार्यक्रम रद्द कर दिए गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, नेशनल ग्रिड ने बताया कि लगभग 60,000 परिसरों में बिजली नहीं थी, जिनमें वेल्स में 35,000 से अधिक और दक्षिण-पश्चिम में 19,000 से अधिक परिसर शामिल हैं। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्डिफ एयरपोर्ट ने शनिवार दोपहर तक अपना रनवे बंद कर दिया। लिवरपूल और मैनचेस्टर जैसे अन्य एयरपोर्ट पर उड़ानें पूरे दिन रद्द रहीं या देरी से चलीं। नेशनल रेल ने कहा कि तूफान के कारण भारी बारिश और हवा की वजह से महत्वपूर्ण व्यवधान आने की आशंका है, जिससे पूरे वीकेंड में इंग्लैंड, वेल्स और स्कॉटलैंड में सेवाएं प्रभावित होने की संभावना है। शनिवार को होने वाले एवर्टन और लिवरपूल के बीच मर्सीसाइड डर्बी सहित खेल आयोजनों को खराब मौसम और तेज हवाओं के कारण सुरक्षा कारणों से स्थगित या रद्द कर दिया गया। मौसम विभाग ने हवा के लिए दुर्लभ रेड वार्निंग जारी की, जो शनिवार दोपहर तक दक्षिण पश्चिम इंग्लैंड और वेल्स में प्रभावी रही। देश के अन्य हिस्सों में भी हवा और बारिश के लिए कई एम्बर और येलो वार्निंग जारी की गईं। इस बीच, 100 से अधिक बाढ़ चेतावनियां और अलर्ट भी जारी किए गए हैं। आयरलैंड में, लगभग 4,00,000 घरों, दुकानों और ऑफिस में बिजली नहीं रही, कई उड़ानें रद्द कर दी गईं। मौसम के चौथे तूफान, दर्राघ के परिणामस्वरूप रेल सेवाएं बाधित हुईं।

### पाकिस्तान : सैन्य ऑपरेशन में मारे गए 6 सुरक्षाकर्मी और 22 आतंकवादी



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में विभिन्न सैन्य अभियानों में 22 आतंकवादी और 6 सुरक्षा कर्मी मारे गए। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के विभिन्न जिलों में अभियान चलाया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, टैंक जिले में एक खुफिया-ऑपरेशन के दौरान नौ आतंकवादी मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। एक अन्य ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वज़ीरिस्तान जिले में आतंकवादियों के ठिकानों पर छापा मारा, जिसमें 10 आतंकवादी मारे गए। वहीं, सुरक्षा बलों ने हंगू जिले में एक सुरक्षा चौकी पर हमला करने के आतंकवादियों के प्रयास को नाकाम कर दिया और तीन आतंकवादियों को मार गिराया। बयान में कहा गया कि हंगू जिले में ऑपरेशन के दौरान छह सैनिक मारे गए। बता दें कि 21 नवंबर को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के लोअर कुर्रम इलाके में यात्री वाहनों के काफिले पर हुई गोलीबारी में कम से कम 38 लोग मारे गए थे। अहमदी शमा के स्टेशन हाउस ऑफिसर कलीम शाह ने यह जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि मृतकों में तीन महिलाएं भी थीं। गृह मंत्री ने कहा था, केपी हमारे प्रांतों में से एक हैं, हमारे देश का हिस्सा हैं और हम इसे पीछे नहीं छोड़ेंगे। हम हर मुमकिन मदद करेंगे। घटना का ब्यौरा देते हुए केपी सरकार के प्रवक्ता बैरिस्टर डॉ. सैफ ने बताया था कि पहले पुलिसकर्मियों पर हमला किया गया और फिर दोनों तरफ से यात्रियों के काफिले को निशाना बनाया गया। काफिले में करीब 200 वाहन थे।

### नेपाल-चीन के बीच बीआरआई पर भारत को नुकसान नहीं : महासेठ

**ढाका, एजेंसी।** नेपाल में सत्तारूढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के नेता एवं पूर्व उपप्रधानमंत्री रघुबीर महासेठ ने कहा कि भारत को नेपाल और चीन द्वारा हस्ताक्षरित 'बेल्ट एंड रोड' समझौते पर आपत्ति नहीं जतानी चाहिए क्योंकि इस संपर्क परियोजना से नई दिल्ली को भी लाभ हो सकता है। नेपाल-चीन के बीच कई अरब डॉलर के बीआरआई' समझौते पर बुधवार को हस्ताक्षर किए गए, जिससे दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हो गया।

### आइवरी कोस्ट में दो बसों के हादसे में 26 मौतें, 28 घायल

**आइवरी कोस्ट, एजेंसी।** पश्चिम अफ्रीका स्थित कोत दिव्वार (आईवरी कोस्ट) में दो बसों की भीषण टक्कर में 26 लोगों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हो गए। परिवहन मंत्रालय ने कहा, देश के मध्य-पश्चिम में ब्रोकोआ गांव में दो वाहनों की टक्कर हो गई। मारे गए 26 लोगों में से दस की मौत टक्कर के बाद लगी आग में झुलसने से हुई। खस्ताहाल सड़कों और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण पश्चिमी अफ्रीकी देश में सड़क दुर्घटनाएं आम हैं। यहां ऐसे हादसों में प्रतिवर्ष 1,000 से अधिक लोग मारे जाते हैं।

## चीन ने ताइवान के पास 14 युद्धपोत, 7 सैन्य विमान एवं चार गुब्बारे भेजे, ताइवान ने लगाया आरोप

**ताइपे, एजेंसी।** चीन ने ताइवान पर अपने दावों को लेकर दबाव बनाने की रणनीति के तहत द्वीप के निकट 14 युद्धपोत, सात सैन्य विमान और चार गुब्बारे भेजे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। चीन ने ऐसे समय में ये सैन्य गतिविधियां की हैं जब ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते की अमेरिका समेत प्रशांत क्षेत्र के सहयोगी देशों की हालिया यात्रा के जवाब में बीजिंग द्वीप के आसपास सैन्य अभ्यास कर सकता है। चीन दो करोड़ 30 लाख लोगों की आबादी वाले स्वशासित ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है और ताइवान के साथ अन्य देशों के औपचारिक संबंधों पर आपत्ति जताता है। अमेरिका समेत अधिकतर देश ताइवान को एक देश के रूप में मान्यता नहीं देते लेकिन अमेरिका अनौपचारिक तौर पर ताइवान का प्रमुख समर्थक है और इसे हथियार बेचता है। चीन सरकार ने आवश्यकता पड़ने पर सैन्य बल के माध्यम से ताइवान पर कब्जा करने का संकल्प लिया है तथा वह लगभग हर रोज द्वीप के निकट अपने पोत और सैन्य विमान भेजता है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, शनिवार सुबह छह बजे से रविवार सुबह छह बजे के बीच 24 घंटे में 14 युद्धपोत, सात सैन्य विमान और चार गुब्बारे देखे गए। मंत्रालय ने कहा कि इनमें से छह विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार किया।

## पेरिस के आर्कबिशप की दस्तकों के बाद खुला ऐतिहासिक चर्च ; 2019 अग्निकांड के बाद हुआ था बंद

**पेरिस , एजेंसी।** नोट्रे डेम कैथेड्रल को आज फिर से जनता के लिए खोला गया। यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के बहाली और पुनर्निर्माण के बाद आधिकारिक उद्धाटन से पहले, इस ऐतिहासिक स्थल की झलक पेश की गई। 900 साल पुरानी इस इमारत के पुनर्निर्माण में हजारों वास्तुकारों और कारीगरों ने काम किया। नोट्रे डेम के उद्धाटन में कई देशों के प्रमुख और प्रमुख गणमान्य लोग शामिल होंगे, जिनमें नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूके के प्रिंस विलियम आदि भी शामिल हैं। वहीं, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने नोट्रे डेम कैथेड्रल को बचाने, मदद करने और पुनर्निर्माण करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पेरिस के आर्कबिशप लॉरेंट उलरिच ने नोट्रे डेम के दरवाजे पर तीन बार दस्तक दी, जो आधिकारिक तौर पर कैथेड्रल के फिर से खुलने का प्रतीक है। लगभग पांच साल पहले, फ्रांस के प्रसिद्ध नोट्रे डेम कैथेड्रल में भीषण आग लगी थी। अप्रैल 2019 में लगी आग ने छत का अधिकांश हिस्सा नष्ट कर दिया था। 12वीं शताब्दी की गॉथिक शैली की कृति का शिखर गिर गया था। इस आग के पीछे का कारण शॉर्ट सर्किट माना गया था। साथ ही आग को बुझाने में लगभग 400 फायर फाइटर्स को 15 घंटे कड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी। शिखर के अलावा, कैथेड्रल के अंदर कुछ अवशेष और कला भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं, हालांकि, घंटाघर और अग्रभाग सुरक्षित रहे। उसी साल, 1803 के बाद पहली बार कैथेड्रल में क्रिसमस मास का आयोजन नहीं




हुआ था। राष्ट्रपति मैक्रों ने पांच साल में फिर से चर्च बहाली का वादा किया था राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एक भावनात्मक भाषण में पांच साल के भीतर कैथेड्रल को फिर से बहाल करने का वादा किया था। अब, 2,055 दिन और 800 मिलियन डॉलर के खर्च के बाद पुनर्निर्माण पूरा हो गया है, हालांकि कैथेड्रल के बाहरी हिस्से पर काम अभी भी जारी है। कैथेड्रल की बाहरी मूर्तियों, जिनमें प्रसिद्ध गार्गॉयल्स और चिमेरास भी शामिल हैं, को कंप्यूटर से स्कैन किया गया और फिर चूना पत्थर से फिर से बनाया गया। करीब 2,000 शिल्पकार, वास्तुकार और अन्य पेशेवरों ने इस नवीकरण कार्य में हिस्सा लिया। इसमें छत की मरम्मत, नए पत्थर का काम, 17वीं शताब्दी के तेल चित्रों की बहाली और क्षतिग्रस्त खिड़कियों का नवीनीकरण शामिल था। छत की पुनर्निर्माण के लिए लगभग 2,000 ओक के पेड़ों का इस्तेमाल किया गया। 40000 वर्ग मीटर पत्थर साफ किया अब, भविष्य में आग लगने की स्थिति में पानी की बूंदों को छोड़ने के लिए पाइपों की एक प्रणाली बनाई गई है। सबसे कठिन काम उस धूल और गंदगी को साफ करना था जो सदियों से इमारत पर जमा हो गई थी। करीब 40,000 वर्ग मीटर पत्थर को साफ किया गया। 2019 में आग लगने से पहले, प्रति वर्ष लगभग 12 मिलियन लोग नोट्रे डेम का दौरा करते थे।

## अमेरिका में टिकटॉक पर बैन लगभग तय : फेडरल कोर्ट ने पेरेंट कंपनी बाइटडांस की हिस्सेदारी बेचने को कहा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** चाइनीज शॉर्ट वीडियो ऐप टिकटॉक पर अमेरिका में बैन लगना लगभग तय हो गया है। कोर्ट ने टिकटॉक को 19 जनवरी तक अपनी पेरेंट कंपनी बाइटडांस की हिस्सेदारी बेचने के लिए कहा है, नहीं तो ऐप को अमेरिका में बैन कर दिया जाएगा। यूएस की एक फेडरल कोर्ट ने शुक्रवार को ऐप की फ्री स्पीच वाली अपील को खारिज कर दिया है। तीन जजों की बेंच ने सुनवाई करते हुए बाइटडांस के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि अमेरिका का कोई भी कानून किसी भी तरह फ्री स्पीच को नहीं रोकता है।

न्यायाधीश डगलस गिन्सबर्ग ने फैसले में लिखा- अमेरिका में फ्री स्पीच की रक्षा करने के लिए पहला संविधान संशोधन मौजूद है। सरकार ने दुश्मन देश से फ्री स्पीच की रक्षा की है। अमेरिका ने विरोधी देश को अमेरिकी लोगों का डेटा इकट्ठा करने से रोका है। भारत सरकार जून-2020 में और ब्रिटेन सरकार मार्च-2023 में चाइनीज शॉर्ट वीडियो ऐप को बैन कर चुकी है। इसके अलावा




पाकिस्तान, नेपाल और अफगानिस्तान सहित करीब 50 देशों ने भी टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा रखा है।

**है मामला:** क्या हैं विकल्प? सुप्रीम कोर्ट जा सकती हैं कंपनियां - बाइटडांस और टिकटॉक सुप्रीम कोर्ट में फैसले को चुनौती दे सकती हैं, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि अदालत इस मामले को उठाएगी या नहीं। कंपनियों ने मामले को हायर कोर्ट में ले जाने के इरादे की पुष्टि कर चुकी हैं, उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पास अमेरिकियों के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा करने का एक स्थापित ऐतिहासिक रिकॉर्ड है।

**नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रोक सकते हैं बैन :** अगर 19 जनवरी को टिकटॉक पर बैन लगता है तो इसे रोका जा सकता है। क्योंकि, 20 जनवरी को नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेंगे और माना जा रहा है कि ट्रंप टिकटॉक के बैन का विरोध कर सकते हैं। ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान टिकटॉक के बचाव की बात कही थी। हालांकि ऐसा करना कानूनी तौर पर संभव नहीं माना जा रहा है। एक विकल्प यह है कि ट्रंप इस कानून को वापस लेने के लिए कांग्रेस को भी कह सकते हैं, जिसमें रिपब्लिकन पार्टी का समर्थन चाहिए होगा। टिकटॉक ने 2022 में बाइडेन प्रशासन के सामने एक समझौते का प्रस्ताव पेश किया था, लेकिन प्रशासन का मानना है कि इसके पालन में तकनीकी चुनौतियां हो सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ट्रंप का रुख नई जानकारियां मिलने के बाद बदल भी सकता है।

## पाकिस्तान में राजेंद्र मेघवार ने रचा इतिहास; सीएसएस पास कर बने देश के पहले हिंदू पुलिस अधिकारी

**सिंध , एजेंसी।** पाकिस्तान में हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार की खबरें तो अक्सर आती रहती हैं, लेकिन पहली बार एक ऐसी खबर आई है जिसने हिंदू अल्पसंख्यकों का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। दरअसल, सिंध प्रांत के ग्रामीण और अविकसित बदीन इलाके के राजेंद्र मेघवार पाकिस्तान में इतिहास रच दिया है। वे पाकिस्तान के पहले हिंदू पुलिस अधिकारी बन गए हैं।

सिविल सेवा प्राधिकरण परीक्षा सीएसएस को सफलतापूर्वक पास करने के बाद मेघवार को पाकिस्तान पुलिस सेवा (पीएसपी) के फैसलाबाद में सहायक पुलिस अधीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। पाकिस्तान हिंदू मंदिर प्रबंधन समिति के कृष्ण शर्मा ने उनकी सराहना करते हुए ये जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि राजेंद्र ने न केवल अपने करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, बल्कि समुदाय को भी गौरवान्वित किया है। उनकी उपलब्धि समुदाय के अन्य युवाओं को उनके नक्शेकदम पर चलने के लिए प्रेरित करेगी।

**राजेंद्र मेघवार के पास अल्पसंख्यक समुदाय की मदद का मौका :** सहायक पुलिस अधीक्षक के रूप में काम करते हुए राजेंद्र मेघवार के पास हिंदू अल्पसंख्यकों की मदद का भी मौका है। फैसलाबाद के पुलिस अधिकारियों भी इसे गर्वीला मौका मान रहे हैं। उनका कहना है कि फोर्स में राजेंद्र मेघवार की नियुक्ति से न केवल कानून-व्यवस्था में सुधार होगा, साथ ही साथ अल्पसंख्यक समुदायों की परेशानी भी आसानी से दूर हो सकेगी। इससे पुलिस में आम जनता का भी भरोसा बढ़ेगा।

**पांच अन्य हिंदू छात्रों ने भी पास की सीएसएस परीक्षा :** राजेंद्र मेघवार के अलावा, पांच अन्य हिंदू छात्रों ने भी ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इनके नाम रूप मती मेघवार, पूजा ओड, सुनील मेघवार, जीवन रिबारी और भीष्म मेघवार हैं। इन्होंने प्रतिष्ठित सेंट्रल सुपीरियर सर्विसेज (सीएसएस) परीक्षा उत्तीर्ण कर पाकिस्तान में प्रशासनिक और नौकरशाही में बड़े पद हासिल किए हैं। रूपमती विदेश मंत्रालय में काम करना चाहती हैं।

**पुष्पा कोहली थी सिंध की पहली महिला पुलिस अधिकारी :** पहली बार पाकिस्तान के सिंध प्रांत की किसी हिंदू लड़की के रूप में पुष्पा कोहली की नियुक्ति हुई थी। प्रांतीय प्रतियोगी परीक्षा पास करने के बाद उन्हें असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर का पद मिला था। उससे पहले, पाकिस्तानी हिंदू समुदाय की सुमन पवन भोदानी को सिविल और न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किया गया था।

## साउथ कोरिया में राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव फेल : विपक्ष जरूरी 200 वोट नहीं जुटा पाया

**सियोल, एजेंसी।** साउथ कोरिया में राष्ट्रपति यून सुक-योल को हटाने के लिए लाया गया महाभियोग प्रस्ताव फेल हो गया। इसे पास होने के लिए 200 वोटों की जरूरत थी, लेकिन विपक्ष के पास सिर्फ 192 सांसद ही थे। इसके अलावा सत्तारूढ़ दल के तीन सांसदों ने इसके पक्ष में वोट किया। इसके बाद वोटों को गिने बिना ही प्रस्ताव को रद्द कर दिया गया। महाभियोग पर वोटिंग से पहले सत्ताधारी पार्टी के 108 सांसदों में से 107 ने सदन से वॉकआउट कर दिया था। हालांकि बाद में इनमें से 3 सांसद वापस आ गए थे। साउथ कोरियाई संसद के स्पीकर वू वोन शिक ने इस रिजल्ट को बहुत को अफसोसजनक और लोकतंत्र के लिए शर्मनाक बताया।

राष्ट्रपति यून ने 3 दिसंबर को विपक्षी पार्टी पर नॉर्थ कोरिया से सांठगांठ करने और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाकर देश में मार्शल लॉ लागू कर दिया था। जिसके बाद विपक्ष उनके खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव लाया था। बुधवार को नया संसदीय सत्र शुरू होने के बाद विपक्षी दल फिर से महाभियोग प्रस्ताव पेश कर सकते हैं।

**राष्ट्रपति ने मार्शल लॉ के लिए सिर झुकाकर माफी मांगी :** वहीं राष्ट्रपति यून सुक-योल ने मार्शल लॉ लगाने के लिए देश से माफी मांगी है। उन्होंने लाइव टीवी पर सिर झुकाकर जनता के सामने मार्शल लॉ लगाए जाने को गलत कहा। हालांकि उन्होंने इस्तीफे की घोषणा नहीं की। अपना पक्ष रखते हुए उन्होंने कहा- मैंने राजनीतिक या कानूनी वजहों से मार्शल लॉ लगाने का फैसला नहीं लिया बल्कि यह फैसला हताशा में लिया गया था। राष्ट्रपति की पत्नी से जुड़े मामले पर भी वोटिंग साउथ कोरिया की सदन में राष्ट्रपति पर महाभियोग के अलावा




उनकी पत्नी के भ्रष्टाचार से जुड़े मामले पर भी वोटिंग जारी है। दरअसल साउथ कोरिया की फर्स्ट लेडी पर आरोप है कि उन्होंने 13 साल पहले कोरियन शेयर मार्केट में स?टॉक की कीमतों में हेरफेर कराई थी। अब विपक्ष इस मामले में जांच के लिए अलग प्रोसिक्यूटर की नियुक्ति चाहता है जिसके लिए वोटिंग हो रही है।

राष्ट्रपति के पद छोड़ने पर 60 दिन में चुनाव कराना जरूरी अगर यून मई 2027 में अपने पांच साल का कार्यकाल खत्म होने से पहले पद छोड़ते हैं, तो संविधान के मुताबिक, 60 दिनों के भीतर राष्ट्रपति चुनाव कराना जरूरी होगा। संसद में महाभियोग प्रस्ताव पास होने पर यून के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा चलाया जाएगा। जहां 9 में से 6 के जजों के वोट से प्रस्ताव साबित हो जाएगा। फिलहाल साउथ कोरिया की कोर्ट में सिर्फ 6 जज हैं, इस वजह से यह साफ नहीं है कि 7 जजों के बिना ये मुकदमा चलेगा या नहीं। राष्ट्रपति ने मार्शल लॉ लगाया, विरोध के बाद 6 घंटे में हटाया साउथ कोरिया में राजनीतिक संकट तब शुरू हुआ जब राष्ट्रपति ने 3 दिसंबर को मार्शल लॉ लगाने की घोषणा की। इसके बाद देशभर में विरोध प्रदर्शन होने लगे थे और अराजकता की स्थिति पैदा हो गई। इसी बीच देश की नेशनल असेंबली में मौजूद 190 सांसदों ने सर्वसम्मति से इस फैसले पलट दिया, जिसके बाद राष्ट्रपति मार्शल लॉ को हटाने का वादा किया था।

# भारतीय मनोरंजन और मीडिया इंडस्ट्री का राजस्व 2028 तक 3,65,000 करोड़ रुपये के पार होगा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में मनोरंजन और मीडिया इंडस्ट्री का राजस्व 2028 तक 3,65,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है, जो 8.3 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय मनोरंजन और मीडिया इंडस्ट्री का राजस्व चार वर्षों में वैश्विक दर 4.6 प्रतिशत से आगे निकल जाएगा।



पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इस सेक्टर में विज्ञापन राजस्व 9.4 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़कर 2028 तक 1,58,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है, जो वैश्विक औसत 6.7 प्रतिशत से 1.4 गुना अधिक है। इस वृद्धि का अधिकांश हिस्सा डिजिटल फ्रंट (इंटरनेट विज्ञापन) से आएगा।

भारत में इंटरनेट विज्ञापन 15.6 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़कर 2028 तक 85,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है, जो टॉप 15 देशों में सबसे अधिक वृद्धि दर और वैश्विक औसत से 1.6 गुना अधिक है।

दूसरी ओर, देश में ऑनलाइन गेमिंग और ई-स्पोर्ट्स सेक्टर 19.2 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ रहा है और 2028 तक 39,583 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।

इस बीच, देश में ओटीटी प्लेटफॉर्म का राजस्व 14.9 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़ने का अनुमान है, जो टॉप 15 देशों में सबसे अधिक है, यह 35,061 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा।

पीडब्ल्यूसी इंडिया के मुख्य डिजिटल अधिकारी और टीएमटी लीडर मनप्रीत सिंह आहूजा ने कहा, 'हमारे ह्यग्लोबल एंटरटेनमेंट एंड मीडिया आउटलुक 2024-2028ह के अनुसार, डिजिटल विज्ञापन, ओटीटी प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन गेमिंग और जनरेटिव एआई जैसे प्रमुख विकास कारक उद्योग के भविष्य को आकार दे रहे हैं।'

भारत की बेहतर कनेक्टिविटी, बढ़ते विज्ञापन राजस्व और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के आसपास अनुकूल सरकारी नीतियों के साथ, देश में अगले पांच वर्षों में सबसे अधिक विकास दर देखने का अनुमान है।

वर्तमान में, भारत में 80 करोड़ ब्रॉडबैंड सब्सक्रिप्शन, 55 करोड़ स्मार्टफोन यूजर्स और 78 करोड़ इंटरनेट यूजर्स हैं।

भारतीय अपना 78 प्रतिशत समय मनोरंजन और मीडिया से जुड़े मोबाइल फोन ऐप पर बिता रहे हैं।

इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार ने भारत के आउट-ऑफ-होम (ओओएच) विज्ञापन बाजार में भारी वृद्धि का समर्थन किया है, जो 2023 में 12.9 प्रतिशत बढ़ा। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके 7.6 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़ने की उम्मीद है।

प्रिंट विज्ञापन राजस्व की बात करें तो -2.6 प्रतिशत की सीएजीआर पर वैश्विक गिरावट के बावजूद, भारत के बाजार में 3 प्रतिशत की दर से वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे यह 2028 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा प्रिंट बाजार बन जाएगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में सिनेमा बाजार का विस्तार जारी है, जो 14.1 प्रतिशत सीएजीआर की दर से बढ़ रहा है।

## भारत में शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर में 2030 तक निवेश होंगे 143 लाख करोड़ रुपये : रिपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी।** भारत में आने वाले वर्षों में गुणवत्तापूर्ण शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर की मांग में इजाफा होगा। इस कारण से भारत 2030 तक इन्फ्रास्ट्रक्चर में 143 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश कर सकता है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। कोलियर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि तेजी से हो रहा इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास देश भर में सैटेलाइट टाउनशिप के विकास को बढ़ावा दे रहा है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि 2030 तक होने वाले इस व्यय का अधिकांश भाग शहरी क्लस्टर्स की ओर निर्देशित किया जाना है, जिससे शहरी क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर के नेतृत्व वाला विकास हो सके। विचाराधीन परियोजनाओं में हवाई अड्डे, इंटर-सिटी मेट्रो कनेक्टिविटी, एयरोसिटी, हाइवे, हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, आईटी + आईटीईएस जोन, बड़े डेटासेंटर कंसंट्रेशन जोन और अन्य शामिल हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि यह ट्रेंड मुंबई मेट्रोपोलिटन रीजन में देखा जा रहा है। मुंबई और उसके आसपास के लोकेशन की योजनाबद्ध तरीके से भीड़भाड़ कम करने का काम किया जा रहा है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि मुंबई मेट्रोपोलिटन रीजन (एमएमआर) का विकास विभिन्न इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स से प्रेरित है, जिसमें मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक (एमटीएचएल), नवी मुंबई एयरपोर्ट इन्फ्लुएंस नोटिफाइड एरिया (एनएएएनए), विरार-अलीबाग मल्टीमॉडल कॉरिडोर, मुंबई-पुणे मिसिंग लिंक और जेएनपीटी एक्सटेंशन प्रोजेक्ट शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बेंगलुरु केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के चालू होने से उत्तरी बैंगलोर के विस्तार में एक नया आयाम जुड़ गया है। नए प्रोजेक्टों की घोषणाओं ने 2020 से 2024 की अवधि में भूमि की कीमत में लगभग 2.5 गुना वृद्धि की है, जो 1,800 रुपये से बढ़कर 4,500 रुपये प्रति वर्ग फीट हो गई है। यह वृद्धि सबसे अधिक उत्तरी बेंगलुरु के छोटे बाजारों जैसे देवनहल्ली, चिक्काबल्लापुर, हेब्बल और येलहंका के आसपास सबसे अधिक हुई है। आगामी नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा मल्टी-मॉडल परिवहन कनेक्टिविटी वाला भारत का पहला हवाई अड्डा बनने जा रहा है। इस नए हवाई अड्डे की क्षमता सालाना 9 करोड़ यात्रियों की होगी और इस परियोजना के माध्यम से आसपास की 90,000 एकड़ भूमि के विकास को बढ़ावा देगा। इसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में रियल एस्टेट की वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा, खोपोली और पेन जैसे छोटे बाजारों में अगले पांच वर्षों में भूमि की कीमतें 4,200 रुपये से बढ़कर 16,200 रुपये प्रति वर्ग फीट (2024-2030) तक लगभग 3.9 गुना बढ़ जाएंगी। उत्तर प्रदेश में आगामी जेवर हवाई अड्डा से प्रदेश में शहरीकरण को बढ़ावा मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी और मेट्रो लाइन विस्तार जैसी सरकारी पहलों ने एक टाउनशिप के रूप में जेवर के विकास को और गति प्रदान की है। इन पहलों ने पिछले 5 वर्षों में भूमि की कीमत में वृद्धि की है, जो 5,000 रुपये से बढ़कर 7,000 रुपये प्रति वर्ग फीट हो गई है। चेन्नई पेरिफेरल रिंग रोड परियोजना एक बार पूरी हो जाने पर श्रीपेरंबदूर, सिंगापुरमलकोइल और अन्य जैसे सैटेलाइट शहरों के विकास को बढ़ावा देने की उम्मीद है। इन इलाकों में पिछले पांच सालों में जमीन की कीमत 2,500 रुपये प्रति वर्ग फीट से बढ़कर 3,800 रुपये प्रति वर्ग फीट हो गई है। कोलियर्स की रिपोर्ट में कहा गया है, 'हमें उम्मीद है कि आने वाले सालों में फिनटेक सिटी और परांडुर में प्रस्तावित चेन्नई ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट जैसी आगामी परियोजनाओं के कारण इन इलाकों में विकास जारी रहेगा।'

## भारत में मजबूत लीजिंग के कारण मॉल में तेजी से भर रहे खाली स्पेस

**मुंबई, एजेंसी।** अनुकूल आर्थिक कारकों और बढ़ती समृद्धि के बीच रिटेल सेक्टर की वृद्धि से प्रेरित होकर, भारत में मॉल में खाली पड़े स्पेस को लेकर कमी आ रही है। सोमवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, मॉल का खाली स्पेस जो कि 2021 में 15.5 प्रतिशत था, 2024 में घटकर 8.3 प्रतिशत रह गया है।



चालू वर्ष की पहली छमाही ने पिछले दो वर्षों में देखी गई लीजिंग गति को दशार्या है, जिसमें प्रमुख शहरों में तीन मिलियन वर्ग फुट से अधिक स्पेस लीज पर दिए गए हैं।

एनारॉक की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगले कुछ वर्षों में इन सभी शहरों में आपूर्ति में बड़ी वृद्धि देखी जाएगी, जिसमें दिल्ली-एनसीआर का हिस्सा सबसे अधिक होगा।

एनारॉक ग्रुप के सीईओ और एमडी-रिटेल, इंडस्ट्रियल और लॉजिस्टिक्स अनुज केजरीवाल ने कहा, 'सीमित आपूर्ति और मजबूत लीजिंग के कारण प्रमुख मॉल में खाली स्पेस को लेकर कमी आ रही है। देश भर के सुपीरियर मॉल लगभग पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं।'

प्रमुख राष्ट्रीय और वैश्विक ब्रांड शहरों में सफल मॉल और हाई स्ट्रीट में क्वालिटी स्पेस लेने के लिए उत्सुक हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, परिधान और एक्सेसरीज और फूड बेवरेज कैटेगरी सेगमेंट में लीडिंग बनी हुई हैं। हालांकि, घड़ियों और आभूषणों के लिए एक्सक्लूसिव स्टोर ने भी वर्ष के दौरान वृद्धि देखी है, जो कुल रिटेल लीजिंग की मात्रा का लगभग 6 प्रतिशत है।

अनुज केजरीवाल ने आगे कहा, 'रिटेलर और ब्रांड छोटे स्थानों को प्राथमिकता देना जारी रखते हैं क्योंकि लगभग 70 प्रतिशत लीज स्पेस ऐड 2,500 वर्ग फुट तक के लिए थे।'

उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में जैसे-जैसे नई आपूर्ति बढ़ेगी, बड़े स्थान कुल लीज वाले क्षेत्र में बढ़ती हिस्सेदारी हासिल करेंगे। अगले 4-5 वर्षों में आने वाली आपूर्ति का सबसे बड़ा हिस्सा दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) और हैदराबाद में होगा। कुल आने वाली आपूर्ति में इनका हिस्सा 85 प्रतिशत से अधिक है।

इस बीच, प्रमुख हाई स्ट्रीट में किराये के मूल्य बढ़ रहे हैं और उम्मीद है कि जब तक क्वालिटी नई सप्लाई नहीं जुड़ती, तब तक यह वृद्धि जारी रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि लगातार तीसरे साल मांग आपूर्ति से अधिक रही है।

## शेयर बाजार में गिरावट जारी

**मुंबई, एजेंसी।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर नवंबर के महंगाई आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों की ऊर्जा एफएमसीजी, हेल्थकेयर और ऑटो समेत सात समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 200.66 अंक की गिरावट लेकर 81,508.46 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 58.80 अंक टूटकर 24,619.00 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.32 प्रतिशत चढ़कर 47,821.82 और स्मॉलकैप 0.46 प्रतिशत उछलकर 57,313.61 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4240 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2296 में लिवाली जबकि 1774 में बिकवाली हुई वहीं 170 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 30 कंपनियां लाल जबकि 19 हरे निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के सात समूहों का रुझान नकारात्मक जबकि अन्य का सकारात्मक रहा। इससे सीडी 0.27, ऊर्जा 0.65, एफएमसीजी 1.93, हेल्थकेयर 0.37, ऑटो 0.64, बैंकिंग 0.28 और तेल एवं गैस समूह के शेयर 0.34 प्रतिशत गिर गए वहीं इंडस्ट्रियल्स 1.01, दूरसंचार 0.62, कैपिटल गुड्स 1.08, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.56, धातु 0.49 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.96 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा।

## रुपया शुरूआती कारोबार में सात पैसे की गिरावट के साथ 84.73 प्रति डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी।** विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख के बीच रुपया सोमवार को शुरूआती कारोबार में सात पैसे की गिरावट के साथ 84.73 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि आयातकों और विदेशी बैंकों की ओर से डॉलर की मांग बढ़ने से रुपया कमजोर बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.70 पर खुला। शुरूआती सौदों में 84.73 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से सात पैसे की गिरावट दशार्ता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.66 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 106.14 पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1,830.31 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## अदाणी कृष्णापट्टनम पोर्ट को 1 मार्च 2026 तक पेट्रोलियम आयात करने के लिए सरकार से मिली मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय ने अदाणी समूह के आंध्र प्रदेश स्थित कृष्णापट्टनम पोर्ट को समुद्री मार्ग से पेट्रोलियम आयात करने की मंजूरी 1 मार्च, 2026 तक बढ़ा दी है। केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया कि सार्वजनिक हित में पेट्रोलियम आयात करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, आंध्र प्रदेश स्थित कृष्णापट्टनम पोर्ट (अदाणी कृष्णापट्टनम पोर्ट लिमिटेड) के लिए 25 अगस्त, 2024 से 1 मार्च, 2026 तक की अवधि के लिए बंदरगाहों पर समुद्री मार्ग से भारत में पेट्रोलियम आयात करने की अधिसूचना को आगे बढ़ाया जाता है।

केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन्स (एपीएसईजेड) के शेयर में सोमवार को एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त देखी गई। अदाणी कृष्णापट्टनम पोर्ट ने इस साल अगस्त में अपनी मौजूदा क्षमता और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए एक उन्नत कार्गो हैंडलिंग सिस्टम लॉन्च किया था।

अदाणी समूह ने एक बयान में घोषणा की थी कि नई प्रणाली कंटेनर और बल्क कार्गो दोनों के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करेगी और बंदरगाह पर कार्गो संचालन में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी और दक्षता एवं विश्वसनीयता प्रदान करेगी। कंपनी के एक बयान के अनुसार, नई कार्गो हैंडलिंग प्रणाली स्वचालित ट्रैकिंग, रियल टाइम डेटा विश्लेषण और बेहतर लॉजिस्टिक्स समन्वय जैसी प्रमुख विशेषताओं के साथ दक्षता और कार्गो थ्रूपुट को बढ़ावा देने के लिए उन्नत तकनीक का उपयोग करती है, जिससे गति, सटीकता, सुरक्षा और लागत में कमी आती है।

कृष्णापट्टनम पोर्ट भारत के समुद्री व्यापार में एक प्रमुख बंदरगाह है, जो देश के कार्गो यातायात के एक महत्वपूर्ण हिस्से को संभालता है। इस उन्नत प्रणाली की शुरूआत अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) द्वारा अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखने के लिए एक रणनीतिक कदम है।

# एयरटेल ने एआई की मदद से 8 बिलियन स्पैम कॉल और 800 मिलियन स्पैम एसएमएस की पहचान की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार द्वारा दूरसंचार ऑपरेटरों को स्पैम कॉल और संदेशों के प्रसार को रोकने के निर्देश दिए जाने के बाद, भारती एयरटेल ने सोमवार को कहा कि उसने अपने एआई-संचालित, स्पैम-फाइटिंग समाधान को लॉन्च करने के ढाई महीने के भीतर 8 बिलियन स्पैम कॉल और 800 मिलियन स्पैम एसएमएस की पहचान की।




कंपनी ने एक बयान में कहा कि एआई-संचालित नेटवर्क ने हर दिन करीब 1 मिलियन स्पैमर्स की सफलतापूर्वक पहचान की है।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार ऑपरेटरों से स्पैम कॉल और संदेशों को रोकने और यूआरएल, एपीके और ओटीटी लिंक की व्हाइट लिस्टिंग के संबंध में अपने निर्देश का पालन करने को कहा था।

इस संबंध में, एयरटेल ने सितंबर में एक एआई-संचालित स्पैम डिटेक्शन समाधान लॉन्च किया जो ग्राहकों को संदिग्ध स्पैम कॉल और एसएमएस के बारे में रियल टाइम में जानकारी देता है।

कंपनी के अनुसार, पिछले 2.5 महीनों में, एआई-संचालित स्पैम डिटेक्शन समाधान ने करीब 252 मिलियन ग्राहकों को इन संदिग्ध कॉलों के बारे में सचेत किया। कंपनी ने पाया है कि इन कॉलों का जवाब देने वाले ग्राहकों की संख्या में 12 प्रतिशत की गिरावट आई है।

एयरटेल नेटवर्क पर सभी कॉलों में से छह प्रतिशत को स्पैम कॉल के रूप में पहचाना गया है, जबकि सभी एसएमएस में से 2 प्रतिशत को भी स्पैम के रूप में पहचाना गया है। एयरटेल ने अपनी रिपोर्ट में कहा, 'दिलचस्प बात यह देखी गई कि 35 प्रतिशत स्पैमर ने लैंडलाइन टेलीफोन का इस्तेमाल किया है।'

इसके अलावा, दिल्ली के ग्राहकों को सबसे अधिक स्पैम कॉल प्राप्त हुए हैं, उसके बाद आंध्र प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ग्राहकों का स्थान रहा।

इसी तरह दिल्ली से सबसे अधिक स्पैम कॉल आए हैं, उसके बाद मुंबई और कर्नाटक का स्थान है।

एसएमएस के मामले में, सबसे अधिक संख्या गुजरात से आई है, उसके बाद कोलकाता और उत्तर प्रदेश का स्थान है और टारगेट किए गए ग्राहकों की अधिकतम संख्या मुंबई, चेन्नई और गुजरात से है।

सभी स्पैम कॉलों में से 76 प्रतिशत में पुरुष ग्राहकों को टारगेट किया गया था।

कंपनी ने कहा, 'स्पैम कॉल सुबह 9 बजे से शुरू होती हैं और दिन चढ़ने के साथ-साथ इनकी संख्या धीरे-धीरे बढ़ती जाती है। स्पैम एक्टिविटी दोपहर 12 बजे से शाम 3 बजे के बीच पीक टाइम पर होती है, जिस दौरान स्पैम कॉल की सबसे अधिक मात्रा होती है।'

सरकार ने सेवा और लेन-देन संबंधी कॉल के लिए 160 प्रीफिक्स के साथ 10 अंकों के नंबर आवंटित किए हैं। इसके अतिरिक्त, जिन ग्राहकों ने डू-नॉट-डिस्टर्ब (डीएनडी) का विकल्प नहीं चुना है और प्रचार कॉल प्राप्त करने के लिए सदस्यता ली है, वे 140 प्रीफिक्स के साथ 10 अंकों के नंबर से कॉल प्राप्त करना जारी रखेंगे।

सरकार के अनुसार, अनरजिस्टर्ड सेंडर और स्पैम कॉल/ एसएमएस की रजिस्टर्ड शिकायत अक्टूबर में घटकर 1.51 लाख रह गईं, जो कि अगस्त से 20 प्रतिशत की गिरावट को दशार्ती है।

## एक नजर

### 'स्किल इंडिया डिजिटल हब' ने पूरे किए 1 करोड़ से ज्यादा रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्किल इंडिया और नेशनल स्किल्स डेवलपमेंट मिशन के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, भारत के स्किल डेवलपमेंट, एजुकेशन, एम्प्लॉयमेंट और एंटरप्रेन्योरशिप से जुड़े 'स्किल इंडिया डिजिटल हब' प्लेटफॉर्म ने 1 करोड़ से ज्यादा रजिस्ट्रेशन के साथ मील का पत्थर हासिल कर लिया है। स्किल इंडिया डिजिटल हब भारतीयों को ऑनलाइन ट्रेनिंग प्लेटफॉर्म के जरिए स्किल, रिस्किल और अपस्किलिंग के साथ नौकरियों के लिए तैयार करने से जुड़ा प्लेटफॉर्म है। एसआईडीएच प्लेटफॉर्म सितंबर 2023 में लॉन्च किया गया था। यह प्लेटफॉर्म स्किल को बेहतर करने और इंडस्ट्री से जुड़े स्किल कोर्स और एंटरप्रेन्योरशिप सपोर्ट के उद्देश्य से पेश किया गया था। यह प्लेटफॉर्म स्किल के जुड़े अवसरों का डिजिटल विस्तार है और दो सबसे महत्वपूर्ण पहलों स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया का संयोजन है। एक करोड़ से ज्यादा रजिस्ट्रेशन के अलावा, लेटेस्ट डेटा से पता चलता है कि कुल 12 लाख मोबाइल एप्लिकेशन को डाउनलोड किया गया। यह प्लेटफॉर्म 45 कंटेंट पार्टनर्स के साथ 1200 एकेडमी कोर्स और 1000 से ज्यादा सेल्फ प्लेस्ड कोर्स और 2700 से ज्यादा नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क कोर्स प्रदान करता है। प्लेटफॉर्म ने अब तक लगभग 1 करोड़ मिनट की डिजिटल लर्निंग को लिस्ट किया है और 3 करोड़ मिनट की ई-लर्निंग पूरी की है। आंकड़ों के अनुसार, एसआईडीएच ने कुल 12 लाख अवसरों को पैदा किया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एसआईडीएच ने देश के 505 जिलों में लगभग 5,000 वरिष्ठ शिक्षार्थियों (50 वर्ष से अधिक आयु के) को भी एनरोल किया है। प्लेटफॉर्म उन्हें एमएल, एआई और बिग डेटा में कोर्स प्रदान कर रहा है। जून तक, एसआईडीएच ने लगभग 88 लाख कैंडिडेट को रजिस्टर किया था, जबकि 9.59 लाख मोबाइल ऐप डाउनलोड किए गए थे, यह बात कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कही। उन्होंने कहा कि एसआईडीएच पर ऑनलाइन कोर्स के लिए लगभग 7.63 लाख कैंडिडेट को एनरोल किया गया है। एसआईडीएच प्लेटफॉर्म शिक्षार्थियों को कोर्स के अवसर प्रदान करता है। इस प्लेटफार्म को एमएसएमई के साथ इंटीग्रेट करने और शिक्षार्थियों और नौकरी चाहने वालों के लिए एंटरप्रेन्योरशिप योजनाओं तक पहुंच को सुविधाजनक बनाने के लिए तैयार किया जा रहा है।

### पिछले 4 वर्षों में भारत में एफडीआई प्रवाह 1,000 बिलियन अमेरिकी डॉलर के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 के बीच भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह बढ़कर 1,033.40 बिलियन डॉलर हो गया है, जो देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में बढ़ते निवेश के अवसरों को दशार्ता है। एफडीआई से लाभान्वित होने वाले अर्थव्यवस्था के मुख्य क्षेत्रों में ऑटोमोबाइल, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, आईटी हार्डवेयर, दूरसंचार, फार्मास्यूटिकल्स, रसायन और सेवाएं शामिल हैं। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि उभरते गैर-पारंपरिक ऊर्जा क्षेत्र में एफडीआई प्रवाह में बड़ी उछाल दर्ज की गई है। एफडीआई प्रवाह से अर्थव्यवस्था में अधिक निवेश और रोजगार सृजन होता है और अत्याधुनिक तकनीक आती है जो उत्पादकता के स्तर को बढ़ाती है और आर्थिक विकास को बढ़ावा देती है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सरकार ने व्यापार करने में आसानी को सुगम बनाया है और पीएलआई योजना जैसे विभिन्न प्रोत्साहन लागू किए गए हैं, जिससे देश में एफडीआई के प्रवाह में तेजी लाने में मदद मिली है। डीपीआईआईटी के आंकड़ों से पता चलता है कि चालू वित्त वर्ष में एफडीआई में उछाल जारी रहा है और अप्रैल-सितंबर में यह 45 प्रतिशत बढ़कर 29,790 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 के दौरान इसी अवधि में यह 20,488 मिलियन अमरीकी डॉलर था। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान सेवाओं में एफडीआई बढ़कर 5.69 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 3.85 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

### ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,090.27 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 156.25 अंक यानी 0.79 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,856.51 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 44,559.30 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,308.61 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 1.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,426.88 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसी तरह डीएएक्स इंडेक्स 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 20,384.61 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 3 सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। निक्केई इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 39,146.33 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,238.66 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.34 प्रतिशत उछल कर 7,407.54 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,708 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

### सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी चमक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू सराफा बाजार में आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,760 रुपये से लेकर 77,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,290 रुपये से लेकर 71,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में भी आज मामूली गिरावट आई है, जिसके कारण दिल्ली सराफा बाजार में इसकी कीमत 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,290 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,190 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,610 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,140 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

# भारत के कुश मैनी ने फॉर्मूला2 कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप जीतकर रचा इतिहास

**अबुधाबी, एजेंसी।** भारतीय ड्राइवर कुश मैनी ने यहां एफ2 कंस्ट्रक्टर्स रेस जीतकर भारतीय खेलों में नया इतिहास रचा।



वह एफआईए कंस्ट्रक्टर्स विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। मैनी के लिए फार्मूला2 में यह सत्र शानदार रहा। इससे पहले वह इस रेस में पोल पोजीशन हासिल करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। मैनी ने इनविक्टा रेसिंग की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह टीम इस सत्र में पांच बार पोडियम पर पहुंची, जिसमें हंगरी में पहला स्थान हासिल करना भी शामिल है।

इस भारतीय ड्राइवर ने जेद्दा में पोल पोजीशन हासिल की थी। इस तरह से उन्होंने अपनी टीम के अभियान की शानदार नींव रखी, जिसका मैनी की पूर्व टीम कैम्पोस रेसिंग पर 34.5 अंकों के अंतर से जीत के साथ समापन हुआ।

# गेंदबाजी के बाद अब बल्लेबाजी में भी छाए शमी

## मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेली 32 रन की शानदार पारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सोमवार को बेंगलुरु में चंडीगढ़ के खिलाफ चल रहे सैयद मुश्ताक अली प्री क्वार्टर फाइनल में बंगाल के लिए 17 गेंदों में नाबाद 32 रनों की शानदार पारी खेली। शमी ने डेथ ओवरों में चंडीगढ़ के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए तीन चौके और दो शानदार छक्के लगाए। 16वें ओवर में जब बंगाल का स्कोर 8 विकेट पर 114 रन था, तब शमी आए और उन्होंने तलवार की तरह अपना बल्ला घुमाया और विपक्षी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं।

उनकी पारी 188.24 के शानदार स्ट्राइक रेट से आई और उन्होंने बंगाल को मुश्किल स्थिति से 9 विकेट पर 159 रन तक



पहुंचाया।


शमी बंगाल के लिए खेल में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, जबकि करण लाल ने 25 गेंदों में 33 रन की पारी खेली।

प्रदीप्त प्रमाणिक ने 24 गेंदों पर 30 रन बनाए, जबकि रितिक चटर्जी ने 12 गेंदों पर 28 रन बनाए, जिसमें चंडीगढ़ द्वारा पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद बंगाल ने 159 रन बनाए। शमी के ऑस्ट्रेलिया में चल मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के अंतिम दो टेस्ट के लिए उपलब्ध होने की संभावना है।

हालांकि अनुभवी खिलाड़ी को अभी भी एनसीए की मेडिकल टीम से फिटनेस क्लीयरेंस नहीं मिली है, जो औपचारिकता का मामला है।

**खो-खो विश्व कप:**

# मेजबानी के लिए तैयार भारत मंगलवार से शुरू होगा प्रशिक्षण शिविर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले महीने भारत की मेजबानी में खो-खो विश्व कप का आयोजन होना है। इससे पहले भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई), भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और खेल मंत्रालय ने प्रशिक्षण शिविर के आयोजन का फैसला लिया है। सोमवार को केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने बताया कि विश्व कप से पहले राष्ट्रीय टीम की तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। इसमें प्रदर्शन के आधार पर खो-खो विश्व कप में भाग लेने के लिए 15 पुरुष खिलाड़ी और इतने ही महिला खिलाड़ियों का राष्ट्रीय टीम के लिए चयन किया जाएगा।

## मुख्य कोच अश्विनी शर्मा करेंगे प्रशिक्षण शिविर की देखरेख

भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर मंगलवार यानी 10 दिसंबर से जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में शुरु होगा। एक महीने तक चलने वाले इस शिविर की देखरेख भारतीय टीम के मुख्य कोच अश्विनी शर्मा करेंगे।

इसमें देश भर से चुने गए 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों को टीम भावना विकसित करने, कौशल बढ़ाने, मानसिक मजबूती, अनुशासन और टीम बॉन्डिंग बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में अनुभवी और नए युवा खिलाड़ियों को खेल विशेषज्ञों द्वारा पोल डाइविंग, टैपिंग, जिग जैग रनिंग, डाजिंग टैपिंग आदि बारीकियां सिखाई जाएंगी।

## प्रशिक्षण के साथ-साथ खिलाड़ियों को ये सुविधाएं भी देगा केकेएफआई

खो-खो विश्व कप का आयोजन 13 से 19 जनवरी तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होगा। सुधांशु मित्तल ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर की औपचारिक शुरुआत से पहले दो दिनों के दौरान खिलाड़ियों की शारीरिक स्थिति के लिए सभी आवश्यक चिकित्सा परीक्षण किए जाएंगे। खिलाड़ियों के रहने और खाने की व्यवस्था जवाहर लाल नेहरू साई छात्रावास में की जाएगी।

सभी खिलाड़ियों को निशुल्क आवास सुविधा तथा 20,000 रुपये के मूल्य की खेल किट उपलब्ध कराई जाएगी।



# टाटा स्टील 25 के: पुरुषों में गुलवीर-सवाण और महिलाओं में संजीवनी करेंगी भारत का नेतृत्व, रविवार को प्रतियोगिता

**कोलकाता, एजेंसी।** टाटा स्टील वर्ल्ड 25के गोल्ड लेबल रेस में इस बार पुरुषों का नेतृत्व 10000 मीटर और 5000 मीटर राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह और डिफेंडिंग चैंपियन सवाण बरवाल करेंगे। जबकि महिलाओं में फॉर्म में चल रही संजीवनी जाधव भारतीय एलीट महिलाओं की श्रेणी का नेतृत्व करेंगी। उल्लेखनीय है कि टाटा स्टील वर्ल्ड 25के गोल्ड लेबल रेस 15 दिसंबर होगा। उल्लेखनीय है कि टाटा स्टील वर्ल्ड 25के को इस दूरी पर विश्व का पहला वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। इस प्रतियोगिता की एलीट में 27 पुरुष जबकि 13 महिलाएं आगामी रविवार कोलकाता के रेड रोड में मुकाबला करेंगी।

आराम कोलकाता सोनार कोलकाता हैस टैक के तहत रन का आयोजन किया जा रहा है। भारत के कुछ बेहतरीन एथलीट्स इस यूएस डॉलर 142,214 पुरस्कार राशि वाली रेस में केंद्र में होंगे। भारतीय एलीट पुरुषों और महिलाओं के विजेताओं के लिए समान पुरस्कार राशि होगी, जिसमें प्रत्येक रेस के पहले तीन स्थान पर आने वालों को क्रमशः 2,75,000, 2,00,000 और 1,50,000 रुपए मिलेंगी। भारतीय एलीट पुरुष और महिला धावकों को इवेंट रिकॉर्ड बोनस के रूप में 1,00,000 रुपए भी मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि आविनाश साबले के पास भारतीय एलीट पुरुषों की श्रेणी में मौजूदा इवेंट रिकॉर्ड है, जिसका समय 1ः15ः17 है, और एल. सुरिया के पास भारतीय एलीट महिलाओं का रिकॉर्ड है, जिसका समय 1:26:53 है।

**फॉर्म में चल रहे हैं गुलवीर**

पुरुषों की मजबूत टीम का नेतृत्व वर्तमान में सनसनी बने हुए गुलवीर सिंह करेंगे, जो शानदार फॉर्म में हैं। वे वर्तमान 5000 मीटर (13ः11ः82) और 10,000 मीटर (27ः14ः88) के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं, और हाल ही में हांगकांग में आयोजित 17वें एशियाई क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप 2024 में गोल्ड मेडल भी जीत चुके हैं।

**जूनियर महिला हॉकी:**

# एशिया कप के पहले मैच में भारत की जीत, बांग्लादेश को 13-1 से हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सोमवार को अपने दूसरे ग्रुप गेम में मलेशिया से भिड़ेगा। टीम अपना खिताब बचाने के अलावा अगले साल चिली के सैंटियागो में होने वाले जूनियर विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई करने की भी उम्मीद कर रही है। मुमताज खान के चार गोल के अलावा कनिका सिवाच और दीपिका की हैट्रिक की मदद से गत चैंपियन भारत ने रविवार को महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में बांग्लादेश को 13-1 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पूल ए के मैच में विजेता टीम के लिए मुमताज (27वें, 32वें, 53वें, 58वें), कनिका (12वें, 51वें, 52वें), दीपिका (7वें, 20वें, 55वें), मनीषा (10वें), ब्यूटी डुंग डुंग (33वें) और उप कप्तान साक्षी राणा (43वें) ने गोल दागे जबकि बांग्लादेश की ओर से ओरपिता पाल (12वें) ही एकमात्र गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं। भारत ने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा और आराम से जीत दर्ज की।

भारत सोमवार को अपने दूसरे ग्रुप गेम में मलेशिया से भिड़ेगा। टीम अपना खिताब बचाने के अलावा अगले साल चिली के सैंटियागो में होने वाले जूनियर विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई करने की भी उम्मीद कर रही है। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चारों टीम को विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा।



# साउथ अफ्रीका ने श्रीलंका को 109 रन से हराया

सीरीज 2-0 से जीती, बावुमा प्लेयर ऑफ द सीरीज

केनबरा, एजेंसी। साउथ अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट में श्रीलंका को 109 रन से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने दो मैचों की सीरीज को 2-0 से जीत लिया है। केबेरा के सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम में टेम्बा बावुमा की टीम ने 348 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में श्रीलंका 238 रन ही बना सकी।

इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट्स टेबल में ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ नंबर-1 पर कब्जा जमा लिया है। पांचवें दिन श्रीलंका को 143 रन की जरूरत थी। जबकि साउथ अफ्रीका को 5 विकेट चाहिए थे। लेकिन टीम अपने कल के स्कोर 205 रन में मात्र 33 रन जोड़ सकी और ऑलआउट हो गई। प्रोटियाज टीम से केशव महाराज ने 5 विकेट लिए।

डेन पैटरसन ने मैच में 7 विकेट लिए, उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं 2 मैच में 327 रन बनाने वाले कप्तान बावुमा को प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब मिला।

श्रीलंका के कप्तान धनंजय डी सिल्वा के अलावा बाकी बल्लेबाज पूरी तरह से फ्लॉप रहे। सिल्वा ने 92 बॉल पर 50 रन की पारी खेली। विकेटकीपर कुसल मेंडिस ने 46 रन बनाए। आखिरी के 4 बल्लेबाज मिलकर 15 रन ही जोड़ सके। स्पिनर केशव महाराज ने दूसरी पारी में 5 विकेट लिए।

**बावुमा ने फिफ्टी लगाई**

चौथे दिन साउथ अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी में 191/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। ट्रिस्टन स्टब्स ने 36 और कप्तान टेम्बा बावुमा ने 48 रन के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई।

**चेस:**

# गत चैंपियन लिरेन के खिलाफ बढ़त बनाने के बाद आया गुकेश का बयान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुकेश ने कहा, पहली बाजी में हार झेलने के बाद मुझे मानसिक मजबूती दिखाने की जरूरत थी। विश्व चैंपियनशिप की पहली बाजी गवाना अच्छा नहीं माना जा सकता है लेकिन मैंने पलटवार किया।

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 11वें दौर में गत चैंपियन डिंग लिरेन को हराने के बाद रविवार को कहा कि पहली बाजी गंवाने के बाद उन्होंने मानसिक मजबूती दिखाई जिससे वह पलटवार करके वापसी करने में सफल रहे। गुकेश ने कहा, पहली बाजी में हार झेलने के बाद मुझे मानसिक मजबूती दिखाने की जरूरत थी। विश्व चैंपियनशिप की पहली बाजी गवाना अच्छा नहीं माना जा सकता है लेकिन मैंने पलटवार किया और इसके बाद अच्छी शतरंज खेली।

गुकेश पहली बाजी हार गए थे लेकिन उन्होंने तीसरी बाजी जीत कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया था। इसके बाद लगातार सात बाजी ड्रॉ रही लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अब 6-5 की बढ़त हासिल करके खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ा दिए हैं। उन्होंने कहा कि वापसी करवाने में उनकी टीम की भूमिका बहुत अहम रही और जोखिम उठाने का अपने फायदा मिला।

भारतीय खिलाड़ी ने कहा, इस बीच मुझे वापसी दिलाने के लिए मेरी टीम ने बहुत अच्छा काम किया।

मैं यही सोच रहा था कि यह मुकाबला बेहद दिलचस्प है और मुझे जोखिम उठाने का भी फायदा मिला क्योंकि इससे मैंने उसे निश्चित तौर पर हैरानी में डाल दिया। गुकेश ने यह मानने से इनकार कर दिया कि चीन का खिलाड़ी 11वीं बाजी में भी ड्रॉ के लिए खेल रहा था। उन्होंने कहा, मैं नहीं मानता कि मेरा प्रतिद्वंदी अंक बांटने के लिए खेल रहा था। इस मुकाबले में वह भी कुछ अवसरों पर बेहतर स्थिति में था। यह 14 दौर का मुकाबला है और आप शुरू में ही इसे टाइब्रेक तक ले जाने की योजना नहीं बना सकते हैं क्योंकि शतरंज में गलतियां हमेशा होती हैं। यह मुकाबला अभी तक उतार चढ़ाव वाला रहा है।

## बांग्लादेश के खिलाफ वॉर्नर पार्क में किया बड़ा चेज

# वेस्टइंडीज ने दमदार जीत से की वनडे सीरीज की शुरुआत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में जीत के साथ शुरुआत की है। टीम ने वॉर्नर पार्क में खेले गए पहले मैच में पांच विकेट से जीत हासिल की। इस जीत को हासिल करने के लिए टीम ने वॉर्नर पार्क स्टेडियम में सबसे बड़ा चेज किया। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। उन्होंने 50 ओवर में छह विकेट खोकर 294 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने 14 गेंद रहते हुए जीत हासिल कर ली। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने सौम्य सरकार का विकेट महज 19 रन पर खो दिया। इसके बाद लिटन दास भी दो रन बनाकर



लौट गए। यहां से तनजिद हसन और मेहदी हसन ने पारी को संभाला। तनजिद के आउट होने के बाद महमुदुल्लाह ने भी अर्धशतकीय पारी खेली और जाकेर अली के साथ भी अहम साझेदारी की। वेस्टइंडीज की ओर से रोमारियो शेफर्ड ने तीन, अल्जारी जोसेफ ने दो और जेडन सील्स ने एक विकेट हासिल किया। 295 के लक्ष्य के जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 27 रन के कुल स्कोर पर ही दो विकेट खो दिए थे। ब्रैंडन किंग ने 9 और इविन लुइस ने 16 रन बनाए। यहां से कप्तान शे होप क्रीज पर टिके। उन्होंने पहले कैसी कार्टी और फिर शरफेन रदरफोर्ड के साथ अहम साझेदारी की।

# अगले 24 घंटे में पता चल जाएगा कि तीसरा टेस्ट मैच खेलूंगा या नहीं: हेजलवुड

**एडिलेड, एजेंसी।** 'साइड स्ट्रेन से उबर रहे ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने सोमवार को यहां एडिलेड ओवल में दो पूरे स्पेल गेंदबाजी करने के बाद कहा कि अगले 24 घंटे में यह पता चल जाएगा कि वह भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट मैच में खेल पाएंगे या नहीं। हेजलवुड चोटिल होने के कारण यहां खेले गए दिन रात्रि टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच तीसरे दिन ही 10 विकेट से जीत लिया था। इससे हेजलवुड को मैच की परिस्थितियों में गेंदबाजी करने का मौका मिला।

तीसरा टेस्ट मैच शनिवार से ब्रिस्बेन में खेला जाएगा। हेजलवुड ने कहा, 'मेरा तीसरे टेस्ट मैच में खेलना अगले 24 घंटे में मेरी फिटनेस की प्रगति



पर निर्भर करेगा। निश्चित तौर पर दो स्पेल गेंदबाजी करना काफी अंतर पैदा करते हैं। उन्होंने कहा, 'अभी कुछ छोटी-छोटी चीज हैं जिन पर प्रगति हासिल करना बाकी है लेकिन अगले 24 घंटे महत्वपूर्ण है। अगले दिन फिर से गेंदबाजी करना और यह सोचना महत्वपूर्ण है कि मैं फिर से गेंदबाजी करने के लिए तैयार हूं।

इस अनुभवी तेज गेंदबाज का साइड स्ट्रेन का पुराना रिकॉर्ड रहा है लेकिन उन्होंने कहा कि अगर एडिलेड टेस्ट वर्तमान सत्र का आखिरी टेस्ट होता तो वह इसमें जरूर खेलते। हेजलवुड ने कहा, 'यह जरूरी नहीं है कि यह सामान्य साइड स्ट्रेन हो जिससे मैं पहले भी जूझ चुका हूं, इसलिए हम किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहते थे।

# मोहम्मद सिराज को ट्रेविस हेड से एडिलेड टेस्ट में लड़ाई पड़ी भारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एडिलेड टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच मुकाबले के दौरान काफी गर्मा-गर्मी हुई. इस पिंक बॉल टेस्ट के दौरान सिराज काफी आक्रामक नजर आए. मार्नस लाबुशेन के बाद उनकी ट्रेविस हेड से भी लड़ाई हो गई थी. इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के फैंस उनके पीछे पड़ गए और उन्हें चिढ़ाने लगे थे. पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और मीडिया भी उनकी आलोचना करती नजर आई.

हालांकि, सिराज ने हेड के आरोपों को बाद में खारिज किया और उन्हें झूठा बताया था. अब उनकी लड़ाई का मामला आईसीसी तक पहुंच गया है और वह दोनों खिलाड़ियों पर एक्शन भी लेने वाली है.

## आईसीसी लेगी ये एक्शन

रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी ने अब इस मामले को संज्ञान में लिया है और दोनों खिलाड़ियों को अनुशासनात्मक सुनवाई के लिए बुलाया है. इस दौरान वह दोनों का पक्ष सुनेगी. हालांकि, दोनों ही खिलाड़ियों चिंता करने की बात नहीं है, क्योंकि उन्हें किसी भी तरह का सस्पेंशन नहीं झेलना पड़ेगा. रिपोर्ट के मुताबिक, जो फुटेज कैमरे में कैद हुए हैं, उसके लिए आईसीसी के कोड ऑफ कंडक्ट में बहुत कम सजा है. बता दें एडिलेड में हुए पिंक बॉल टेस्ट के दूसरे दिन



आईसीसी लेगी एक्शन

सिराज और हेड के बीच जुबानी जंग देखने को मिली थी. हेड ने 140 रन ठोक दिए थे, जिसके बाद सिराज ने उन्हें स्विंगिंग यॉर्कर पर बोल्ड करके पवेलियन का रास्ता दिखा दिया था. इसके बाद दोनों आपस में भिड़ गए थे.

हेड ने आउट होने बाद कुछ कहा, जिस पर सिराज ने रिएक्ट करते हुए कुछ बोला और ड्रेसिंग रूम की तरफ इशारा करते हुए सेंड ऑफ दिया. साथ ही वह एग्रेसिव सेलिब्रेशन करते हुए भी दिखे थे. एडिलेड हेड का होम ग्राउंड है. इस मैदान पर उनके साथ ऐसा बर्ताव देख ऑस्ट्रेलियाई फैंस बाउंड्री लाइन पर सिराज को चिढ़ाने लगे थे.

## किसने-किसको दी गाली?

दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद हेड ने प्रेस कॉन्फ्रेंस ने ऐसा दावा किया था कि उन्होंने सिराज को अच्छी गेंद के लिए तारीफ की थी. लेकिन बदले में अपशब्द सुनने को मिला.

वहीं सिराज ने तुरंत उनकी बात को गलत ठहराया था. उन्होंने दावा किया कि पहले हेड ने गाली दी, जिसके बदले में उन्होंने भी एग्रेसिव रिएक्शन दिया. हालांकि, दोनों खिलाड़ी खेल के तीसरे दिन मामले को सुलझाते हुए नजर आए थे. सिराज ने अपनी बैटिंग के दौरान हेड से बातचीत की थी और गलतफहमी को खत्म करने की कोशिश की थी.



# इम्तियाज अली की फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करेंगे फहद फासिल

पुष्पा 2 स्टार फहद फासिल बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इम्तियाज अली ने अपनी अगली फिल्म के लिए फहद फासिल को साइन किया है। फहद इस आने वाली फिल्म में तृप्ति डिमरी के साथ नजर आएंगे। इम्तियाज अली ना केवल फिल्म का निर्देशन करेंगे बल्कि इसके निर्माता भी होंगे। फिल्म का निर्माण कथित तौर पर अगले साल की शुरुआत में शुरू होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फहद फासिल इस फिल्म के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने के साथ ही वह इम्तियाज अली के साथ हिंदी सिनेमा में अपनी सफर शुरू करने के लिए बेहद उत्साहित हैं, जो उनके पसंदीदा बॉलीवुड निर्देशकों में से एक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फहद इस प्रोजेक्ट पर महीनों से चर्चा कर रहे थे और हाल ही में इसे अंतिम रूप दिया गया है। इस आगामी फिल्म में उनके साथ भूल भुलैया 3 अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की जोड़ी काफी रोमांचक नजर आ रही है। इम्तियाज प्रेम कहानियों में सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए जाने जाते हैं और यह उनकी कहानियों की सूची में सबसे अलग होने का वादा करती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म निर्माता स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं और 2025 की पहली तिमाही में इसका निर्माण शुरू होने वाला है। इम्तियाज अली अपने बैनर विंडो सीट फिल्म्स के तहत फिल्म का निर्माण करेंगे। यह फिल्म इम्तियाज के साथ फहद का पहला सहयोग और बॉलीवुड में उनकी पहली फिल्म होगी, जबकि तृप्ति ने इससे पहले लैला मजनू में अभिनय किया था, जिसे फिल्म निर्माता ने लिखा था।

इस बीच, फहद फासिल जल्द ही पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन के साथ मुकाबला करते नजर आएंगे। कोच्चि में पुष्पा 2ः द रूल के प्री-रिलीज इवेंट में, अल्लू अर्जुन ने अपने सह-कलाकारों, विशेष रूप से फहद फासिल की प्रशंसा करते हुए कहा, मेरी सभी फिल्मों में पहली बार, मैंने सबसे अच्छे मलयालम अभिनेताओं में से एक, हमारे फाफा के साथ काम किया है। मैं वास्तव में आज उसे देखने से चूक गया। मैं वास्तव में चाहता हूं कि हम दोनों आज केरल में एक साथ यहां खड़े होते। यह एक प्रतिष्ठित बात होती। मेरे भाई, धन्यवाद! काश हम यहां एक साथ होते। मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं।



# आलिया भट्ट से तुलना को लेकर बोलीं शालिनी पांडे

महाराज फेम अभिनेत्री शालिनी पांडे ने आलिया भट्ट के साथ के लुक और आवाज को लेकर हुई तुलना के बारे में बताया। शालिनी ने माना कि वह तुलनाओं से चिढ़ जाती थीं और चाहती थीं कि लोग उन्हें वह जैसी हैं उसी रूप में देखें, लेकिन अब उन्हें इससे कोई परेशानी नहीं है।

## आवाज और लुक को लेकर बोलीं शालिनी

बातचीत में शालिनी पांडे ने अनन्या पांडे, अदिति राव हैदरी, तृप्ति डिमरी के साथ बात की। उन्होंने बातचीत में कहा कि लोग उन्हें आलिया की आवाज और लुक को लेकर चर्चा करते रहे। इस दौरान उन्हें चिढ़ होती थी। शालिनी पांडे ने कहा, पहले वह तुलनाओं से थोड़ी चिढ़ जाती थीं क्योंकि वह चाहती थीं कि लोग उन्हें उनके वास्तविक रूप में देखें, न कि किसी तुलना के लिए। उन्होंने कहा, पहले, मैं थोड़ी चिढ़ जाती थी, इसलिए नहीं कि मुझे आलिया पसंद है, बल्कि इसलिए कि जब आपकी तुलना किसी से की जाती है, तो आप ऐसा सोचते हैं, नहीं, मैं अपनी हूं, इसलिए मैं ऐसा सोचती थी, नहीं, मुझे वैसा ही देखो जैसा मैं हूं। शालिनी पांडे ने कहा कि समय बीतने के साथ उनका नजरिया भी बदलने लगा।

## तमिल फिल्म में भी कर चुकी हैं काम

शालिनी पांडे को महाराज फिल्म के लिए जाना जाता है। वे कई तमिल और तेलुगु फिल्मों के लिए काम कर चुकी हैं। अभिनेत्री ने 2022 में रणवीर सिंह अभिनीत जयेशभाई जोरदार से हिंदी फिल्म में अपनी शुरुआत की। दो साल के ब्रेक के बाद, उन्होंने अपनी अगली हिंदी फिल्म महाराजा में काम किया।

# विक्रांत सिंह से प्रेम विवाह रचाकर पछताईं मोनालिसा?



मोनालिसा और विक्रांत सिंह की जोड़ी फैंस को बेहद पसंद है। इन्होंने प्रेम विवाह रचाया। लंबे समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद कपल ने रियलिटी शो बिग बॉस में शादी रचाई। अब अचानक मोनालिसा लव मैरिज में पछताती नजर आ रही हैं। आप कुछ गलत समझें उससे पहले बता दें कि हकीकत में ऐसा कुछ नहीं है। दरअसल, मोनालिसा का नया गाना रिलीज हुआ है। इसका टाइटल है, लव मैरिज में भारी नुकसान हो गैल।

## पति विक्रांत के साथ जमी जोड़ी

भोजपुरी सिनेमा की चर्चित स्टार मोनालिसा अपने डांस के लिए मशहूर हैं। आज बुधवार को उनका भोजपुरी गाना रिलीज हुआ है। दिलचस्प बात ये है कि इसमें उनके पति विक्रांत सिंह भी नजर आए हैं। मोनालिसा और विक्रांत के फैंस के लिए यह किसी ट्रीट से कम नहीं। इस गाने में वे लव मैरिज के साइड इफैक्ट दिखाती नजर आई हैं। दोनों के बीच कमाल के केमिस्ट्री दिखाई दी है। गाने में मोनालिसा मजाकिया अंदाज में अपने पति को ताने देती दिख रही हैं।

## मोनालिसा ने साझा किया पोस्ट

यह गाना यूट्यूब पर टी-सीरीज हमार भोजपुरी चैनल पर जारी किया गया है। गाने को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। लोगों को गाना तो पसंद आ ही रहा है, मोनालिसा और विक्रांत को परदे पर साथ देखकर भी वे बेहद खुश हैं। रिलीज के कुछ ही घंटों में इसे नौ लाख से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पोस्ट साझा कर इस गाने की रिलीज की जानकारी फैंस से साझा की है और इसे देखने की अपील की है। इस गाने को सिंगर प्रिया मलिक ने अपनी सुरीली आवाज से सजाया है। गीत के बोल पंकज नारायण ने लिखे हैं, जबकि इसका म्यूजिक विक्की प्रसाद ने कम्पोज किया है। म्यूजिक वीडियो के डायरेक्टर अपूर्व बजाज हैं।

## प्रेम लीला शो में आएंगी नजर

मोनालिसा के वर्क फंट की बात करें तो उनके हाथ नया शो प्रेम लीला लगा है। कल मंगलवार से उन्होंने इसकी शूटिंग शुरू की है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी साझा की। इस शो में वे रुद्राक्षी के किरदार में नजर आएंगी।



# डिवोर्स की अफवाहों के बीच नीति बोली- मेरी चुप्पी मेरा जवाब है, सरनेम हटाने की वजह बताई

पिछले कुछ समय से टीवी अभिनेत्री नीति टेलर अपने निजी जीवन के कारण चर्चा में बनी हुई है। कहा जा रहा है कि उनका अपने पति परीक्षित बावा से अलगाव हो गया है। नीति ने भी इन अफवाहों का अब तक खंडन नहीं किया था। लेकिन उन्होंने हाल ही में अपने तलाक की अफवाहों पर बात की है।

## चुप रहने की वजह बताई

हाल ही में नीति ने अपने तलाक से जुड़ी अफवाहों पर खुलकर बात की। वह कहती हैं, 'अगर हम चुप हैं या कोई सफाई नहीं दे रहे हैं तो यही हमारा जवाब है। मेरी चुप्पी ही मेरा जवाब है। जब ऐसा कुछ है ही नहीं, सबकुछ ठीक है तो कोई सफाई देने की जरूरत ही नहीं है। कुछ महीनों पहले भी उन्होंने इस बातों को बिल्कुल झूठा बताया था।

## शादी को हुए हैं कुछ ही साल

नीति की शादी साल 2020 में परीक्षित बावा से हुई थी, वह एक्टिंग वर्ल्ड से नहीं आते हैं। नीति के पति एक आर्मी ऑफिसर हैं। यह तलाक की अफवाह नीति के कारण ही सामने आई। दरअसल, उन्होंने अपने सोशल मीडिया पेज से परीक्षित का सरनेम अपने नाम से अलग कर लिया था।

## सरनेम हटाने का कारण बताया

नीति ने पति का सरनेम क्यों अपने नाम से हटाया है? इस बारे में भी वह बताती हैं। नीति कहती हैं, 'ऐसा ज्योतिष कारणों से मैंने किया है।' वह यह भी बताती हैं कि आज भी उनके सोशल मीडिया पेज पर पति के साथ उनकी सारी फोटो मौजूद हैं।

## 'बड़े अच्छे लगते हैं' सीरियल से हुई चर्चित

नीति टेलर ने बहुत कम उम्र में टीवी सीरियल्स में काम करना शुरू कर दिया था। लेकिन नीति को पहचान सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं' के जरिए मिली। इस सीरियल के अलावा वह 'ये हैं यारियां' सीरियल में भी नजर आई थीं। इन दिनों वह अपनी पर्सनल लाइफ में काफी बिजी हैं।



# विवेक ओबेरॉय ने बताई फिल्म इंडस्ट्री की हकीकत

अभिनेता विवेक ओबेरॉय की फिल्मी यात्रा उतार-चढ़ावों से भरी रही है। कई शानदार फिल्मों में नजर आने के बाद अचानक वे इंडस्ट्री से गायब हो गए। फिल्मी परिवार से होकर भी उन्होंने ऐसा समय देखा, जब उनके पास कोई फिल्म नहीं रही। हाल ही में अभिनेता अपने करियर के संघर्ष और फिल्म इंडस्ट्री के मिजाज पर बात करते नजर आए। उन्होंने इंडस्ट्री को एक बेहद असुरक्षित जगह बताया है।

## हिट फिल्म देकर भी रहे बेरोजगार

विवेक ओबेरॉय ने अपने करियर के चैलेंजिंग पड़ाव पर बात की, जब वे करीब डेढ़ साल तक बेरोजगार रहे। करियर में हिट फिल्म शूटआउट एट लोखंडवाला देने के बाद भी उन्होंने ये दौर देखा। उन्होंने यह भी कहा कि लगातार तनाव और दबाव के चलते उन पर बहुत बुरा असर पड़ा। इसके चलते उन्हें थकान महसूस होने लगी।

## सामने रखी इंडस्ट्री की हकीकत

हाल ही में इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक इंटरव्यू में विवेक ओबेरॉय ने फिल्म इंडस्ट्री को असुरक्षित जगह बताया उन्होंने कहा, मैंने 22 साल में करीब 67 प्रोजेक्ट किए हैं, लेकिन इंडस्ट्री बहुत असुरक्षित जगह है। आप बढ़िया काम कर सकते हैं, पुरस्कार जीत सकते हैं और एक अभिनेता के तौर पर अपना काम कर सकते हैं, लेकिन साथ ही यहां रहकर आपको दूसरी वजहों से बेरोजगारी का सामना भी करना पड़ सकता है।

## उम्मीदों पर फिर गया पानी

विवेक ओबेरॉय साल 2007 में आई शूटआउट एट लोखंडवाला की सफलता के बावजूद लगभग 15 महीनों तक बेरोजगार रहे। इस बारे में बताते हुए अभिनेता ने कहा, साल 2007 के बाद, जब मैंने शूटआउट एट लोखंडवाला की और गणपत गाना वायरल हो गया, मैंने पुरस्कार जीते तो मुझे उम्मीद थी अब कई सारे ऑफर मिलेंगे। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ, बल्कि करीब डेढ़ साल तक घर बैठा रहा।

## आर्थिक स्वतंत्रता के लिए उठाया ये कदम

विवेक ओबेरॉय ने कहा कि साल 2009 में उन्होंने एक अहम फैसला लिया। उन्होंने इंडस्ट्री के भरोसे रहने की बजाय आर्थिक स्वतंत्रता पर फोकस किया। उन्होंने तय किया कि वे बाहरी ताकतों को अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करने देंगे। एक्टर ने बताया कि व्यवसाय में कदम रखने से उन्हें वह स्वतंत्रता मिली, इसकी उन्हें चाहत थी। विवेक के मुताबिक, सिनेमा हमेशा उनका जुनून रहेगा, लेकिन उन्होंने व्यवसाय को आजीविका के लिए प्लान बी के रूप में देखा। इस कदम ने उन्हें इंडस्ट्री की असुरक्षाओं आजादी दिलाने में मदद की। विवेक ओबेरॉय के वर्क फंट की बात करें तो उन्होंने मस्ती 4 सहित चार फिल्में साइन की हैं।



# कब आएगी चांदनी चौक टू अफ्रीका? निखिल आडवाणी ने दिया बड़ा अपडेट

साल 2009 में आई फिल्म चांदनी चौक टू चाइना भले ही व्यवसायिक रूप से सफल नहीं हो सकी, लेकिन यह फिल्म दर्शकों के बीच काफी आज भी काफी ज्यादा लोकप्रिय है। इस फिल्म में अक्षय कुमार और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिकाओं में थे। यह फिल्म अपने एक्शन और कॉमेडी के लिए काफी पसंद की गई थी। अब फिल्म के निर्देशक निखिल आडवाणी ने इस फिल्म के सीक्वल चांदनी चौक टू अफ्रीका के बारे में अहम जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि अगर दर्शक चाहते हैं तो वह अक्षय कुमार से इस पर बात करेंगे और फिल्म पर चर्चा करेंगे। निखिल आडवाणी ने कहा कि उन्हें इस फिल्म के बारे में बहुत कुछ सुनने को मिल रहा है। जब उनसे पूछा गया कि फिल्म कब रिलीज होगी तो उन्होंने कहा, पता नहीं यार। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि चांदनी चौक टू चाइना का पहला आधा हिस्सा शानदार था, लेकिन वह अब भी यह समझने में असमर्थ हैं कि फिल्म को बड़े पर्दे पर इसे क्यों नहीं देखा गया।

## सीक्वल पर दिया अपडेट

जब होस्ट ने उनसे कहा कि आज भी लोग फिल्म के सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं तो निखिल ने कहा कि वह इस बारे में अक्षय कुमार से जरूर बात करेंगे। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वह अक्सर सुबह जल्दी उठकर अक्षय कुमार से चार-पांच बजे बातचीत करते हैं और हम साथ में काम करने की योजना बना रहे हैं।

## दूसरा पार्ट बनाने की नहीं थी योजना

निखिल ने यह भी बताया कि चांदनी चौक टू अफ्रीका की योजना कभी नहीं बनाई गई थी, लेकिन उन्हें उम्मीद थी कि अगर चांदनी चौक टू चाइना सफल होती है तो इसके दूसरे भाग पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अक्षय कुमार को दीपिका पादुकोण के साथ उनकी फिल्म बहुत पसंद आई थी, हालांकि फिल्म का दूसरे हाफ में कुछ समस्याएं थीं जिसके कारण यह बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो पाई।

## इन फिल्मों में दिखेंगे अक्षय कुमार

निखिल आडवाणी ने यह भी कहा कि अगर उन्हें मौका मिला तो वह इस फिल्म के दूसरे हाफ को फिर से शूट करना चाहेंगे। फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती, रणवीर शौरी, रोजर युआन और चीनी अभिनेता गॉर्डन लियू जैसे सितारे भी थे। वर्क फंट की बात करें तो अक्षय कुमार जल्द ही जॉली एलएलबी 3, हाउसफुल 5, वेलकम टू द जंगल, हेरा फेरी 3 और स्काई फोर्स जैसी फिल्मों में नजर आएंगे।

# 'सिटाडेल 2' की शूटिंग प्रियंका ने की पूरी, शो को बताया 'रोलर कोस्टर राइड'

प्रियंका चोपड़ा ने अपने बहुप्रतीक्षित वेब शो सिटाडेल के सीक्वल की शूटिंग पूरी कर ली है। मंगलवार को अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर शो की शूटिंग खत्म होने के बाद तस्वीरें साझा की। अभिनेत्री ने अपने इस सफर को 'रोलर कोस्टर राइड' बताया।

पहली तस्वीर में, प्रियंका अपने किरदार नादिया सिंह के लुक में और फूलों का गुलदस्ता लेकर मुस्कुराती नजर आई। वहीं, अभिनेत्री ने कई सारे अन्य पल भी वीडियो और तस्वीर के माध्यम से साझा किए। प्रियंका ने कैप्शन में लिखा कि उनका यह साल काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा, साथ ही उन्होंने शूटिंग पूरा होने पर कास्ट और क्रू का आभार जताया।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, **सुनील कुमार** द्वारा वी-22 खजूर वाली गली नम्बर-2 अरविंद नगर, घोंडा दिल्ली-110053 से प्रकाशित एवं कारे प्रिंटिंग प्रेस 574ए विजय पार्क गली नम्बर-2 मौजपुर दिल्ली-110053 से मुद्रित।
किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा। **सम्पादक : सुनील कुमार** RNI NO.- DELHIN/2007/22401